पंजाब में आम आदमी पार्टी का सीएम फेस कौन होगा। अरविंद केजरीवाल ने इस संशय को खत्म कर दिया है। राज्य में आप के प्रदेश प्रधान भगवंत मान पार्टी के सीएम फेस होंगे।

जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्ष:27 अंक: 38 दिनांक: 19-01-2022 बुधवार मूल्य : 100 पैसा पृष्ठ:4 अहमदाबाद M

गणतंत्र दिवस समारोह में आमंत्रित लोगों की सूची में आटोरिक्शा चालक श्रमिक स्वच्छता कार्यकर्ता और फ्रंटलाइन कार्यकर्ता शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक जिन्हें कभी गणतंत्र दिवस समारोह देखने का मौका नहीं मिलता।

93.3 फीसदी लोगों की पंसद से भगवंत मान बने आप के सीएम उम्मीदवार

मानसा (ईएमएस)। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा कर दी है। बता दें कि पार्टी की ओर से भगवंत मान को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया गया है। आप के राष्ट्रीय संजोयक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब चुनाव के लिए पार्टी की तरफ से पंजाब के अगले मुख्यमंत्री और पार्टी का मुख्यमंत्री चेहरा औपचारिक रूप से भगवंत मान हैं। इस दौरान भगवंत मान भावुक हो गए और उन्हें पार्टी नेता राघव चड्ढा समेत सभी नेताओं ने बधाई दी।

केजरीवाल ने बताया कि 93.3 फीसदी लोगों ने भगवंत मान का नाम लिया। दूसरे स्थान पर नवजोत सिंह सिद्धू थे जिन्हें 3.6 प्रतिशत वोट मिले।इसके बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा भगवंत मान को बनाया जाता है। दरअसल, केजरीवाल ने 13 जनवरी को पंजाब की जनता से मुख्यमंत्री पद के लिए अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के नाम बताने की अपील की थी।अभियान के तहत पार्टी को 22 लाख से अधिक लोगों की प्रतिक्रियाएं मिलीं। उस वक्त केजरीवाल ने कहा था कि वह आप सांसद भगवंत मान को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करना चाहते थे, लेकिन मान ने यह फैसला पंजाब की जनता पर छोड़ने पर जोर दिया। मान इस घोषणा के बाद भावुक हो गए। मान की मां और बहन भी इस कार्यक्रम में मौजूद थीं। मैंने पहले ही कहा था कि मैं दौड़ में नहीं हूं। हम उन वोट को अमान्य घोषित कर रहे हैं। शेष बचे अन्य मतों में से 93.3 प्रतिशत लोगों ने सरदार भगवंत मान का नाम दिया था। वहीं, दूसरे नंबर पर नवजोत सिंह सिद्धू का नाम 3.16 प्रतिशत लोगों ने दिया। केजरीवाल ने कहा, भगवंत मान को औपचारिक रूप से 'आप' का सीएम पद का चेहरा घोषित किया जाता है। पंजाब में चुनाव लड़ने वाले प्रमुख दलों में 'आप' एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने अपने मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा की है। गौरतलब है कि पंजाब की 117 सदस्यीय विधानसभा के लिए 20 फरवरी को मतदान होना है और मतगणना 10 मार्च को की जाएगी। केजरीवाल ने 'मिस्ड कॉल' के जरिये चलाए गए जनता चुनेगी अपना सीएम अभियान के परिणाम की घोषणा एक जन सभा में की। पार्टी नेताओं ने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुनने के वास्ते चलाए गए इस अभियान के तहत पार्टी को 21.59 लाख प्रतिक्रियाएं मिलीं।

पूर्व सेना प्रमुख जनरल जोगिंदर जसवंत सिंह भाजपा में शामिल

चंडीगढ़ (ईएमएस)। पूर्व सेना प्रमुख जनरल जोगिंदर जसवंत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी लिया। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य भाजपा नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शेखावत ने भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख अश्वनी शर्मा के साथ मिलकर जनरल सिंह का पार्टी में स्वागत किया। पूर्व सेना प्रमुख ने साल 2018 में शिरोमणि अकाली दल का दामन छोड़ दिया था।जनरल सिंह 2017 में अकाली दल में शामिल हुए थे। उन्होंने पटियाला से कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान उन्हें अमरिंदर के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

जनरल जे जे सिंह अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। वह साल 2005 में सेना प्रमुख नियुक्त होने वाले पहले सिख बने थे। पंजाब की 117 विधानसभा सीटों पर 20 फरवरी को मतदान होना है। वोटों की गिनती 10 मार्च को की जाएगी।

मुंबई में नौसेना के जहाज आईएनएस रणवीर पर हुए विस्फोट में 3 नौसैनिकों की मौत

मुंबई, (ईएमएस)। मंगलवार को मुंबई नेवल डाकयार्ड में एक हादसे में तीन नौसैनिकों की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि आईएनएस रणवीर के अंदरूनी हिस्से में एक धमाका हुआ है, जिसमें तीन नौसैनिकों की मौत हो गई. हालांकि इस घटना के तुरंत बाद ही बचाव कार्य शुरू किया गया. जहाज के चालक दल के सदस्यों ने तुरंत ही स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया. जहाज को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है. खबरों के मुताबिक, पूर्वी नौसेना कमान में आईएनएस रणवीर नवंबर 2021 से ही तटीय इलाके में ऑपरेशनल तैनाती पर था औ॰ उसे कुछ देर बाद ही तट की ओर लौटना था, तभी ये विस्फोट हुआ. इस मामले में बोर्ड ऑफ इनक्वायरी का आदेश दे दिया गया है. जहाज को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचने की खबर है. हालांकि घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है. यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि क्या घटना में कुछ अन्य नौसेना कर्मी भी घायल हुए हैं या नहीं.

आईएनएस रणवीर मूलत: पूर्वी तट (वाइजैग) पर तैनात रहनेवाला युद्धपोत है। यह नवंबर 2021 से मुंबई में था, और जल्दी ही इसकी वापसी होनी थी। मंगलवार शाम अचानक इसके अंदरूनी हिस्से में विस्फोट हो गया। जिसकी चपेट में आने से तीन नौसैनिक मारे गए एवं 11 के घायल होने की सूचना है। रक्षा विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक विस्फोट के तुरंत बाद पोत पर मौजूद क्रू सदस्यों ने पहुंचकर विस्फोट के कारण लगी आग पर काबू पा लिया, जिसके कारण पोत को अधिक नुकसान से बचा लिया गया है। नौसेना सूत्रों का कहना है कि पोत पर सुसज्जित हथियार एवं विस्फोटक भी इस विस्फोट से सुरक्षित रहे हैं।

आईएनएस रणवीर, रणवीर श्रेणी के विस्फोटकों का पहला युद्धपोत है। इसे भारतीय नौसेना में 21 अप्रैल, 1986 में शामिल किया गया था। इसका निर्माण पूर्व के सोवियत संघ में हुआ था। मौजूदा नौसेना प्रमुख आर.हरिकुमार भी इस पोत के प्रभारी रह चुके हैं। आज के विस्फोट में घायल हुए नौसैनिकों के इलाज के लिए आईएनएस अश्विनी अस्पताल में भर्ती किया गया है। साथ ही मृतकों के संबंध में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी है।

दिल्ली में कोरोना के 11684 केस, तो महाराष्ट्र में मिले 39207 नए मामले

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार में एक बार फिर तेजी के बाद पिछले दो दिनों से स्थिति में कुछ सुधार देखा गया है। दो दिन से लगातार कोरोना महामारी के दैनिक मामलों में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में देश में कोरोना वायरस संक्रमण के कुल दो लाख 38 हजार 18 नए मामले दर्ज किए गए हैं। यह आंकड़ा सोमवार को मिले मामलों से लगभग 20 हजार कम है। इसके अलावा पिछले 24 घंटों में एक लाख 57 हजार 421 संक्रमित ठीक हुए हैं तो 310 की मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार देश में अब कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 17 लाख 26 हजार 628 हो गई है।

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आज सामने आने वाले कोरोना के नए मामलों की संख्या 11,684 रही और 38 संक्रमितों की मौत हुई। यहां सकारात्मकता दर अब 22.47 फीसदी पर पहुंच गई है। दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या अब 78,112 हो गई है। महाराष्ट्र में 32907 केस, ओमिक्रॉन का कोई मामला नहीं महाराष्ट्र में मंगलवार को कोरोना संक्रमण के 39,207 मामले दर्ज किए गए। इसी अवधि में यहां 38,824 मरीज ठीक हुए और 53 संक्रमितों की जान चली गई। प्रदेश में कोविड के सक्रिय मामलों का आंकड़ा अब दो लाख 67 हजार 659 हो गया है। महाराष्ट्र में मंगलवार को ओमिक्रॉन का कोई मामला सामने नहीं आया।

उधर, कोरोना वायरस के नए और अधिक संक्रामक वैरिएंट ओमिक्रॉन से संक्रमण के पिछले 24 घंटों में 8891 नए मामलों की पुष्टि हुई है। एक दिन पहले की तुलना में ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमण में 8.31 फीसदी की तेजी आई है। पूरी दुनिया के लिए संकट का सबब बना ओमिक्रॉन भारत के सभी राज्यों में पहुंच चुका है। केरल में ओमिक्रॉन संक्रमण के 63 नए मामले सामने आए हैं। अब राज्य में ओमिक्रॉन के कुल मामलों की संख्या 591 हो गई है। नए मरीजों में से चार का संबंध तमिलनाडु से है, जो विभिन्न देशों से केरल आए हैं। 36 कम जोखिम वाले और नौ उच्च जोखिम वाले देशों से आए हैं। नौ लोग इनके संपर्क में आकर संक्रमित हुए हैं।

गणतंत्र दिवस 2022: मेहमानों की सूची में आटोरिक्शा चालक, सफाई कर्मचारी, फ्रंटलाइन वर्कर शामिल,

नई दिल्ली, एएनआई: पहली बार, गणतंत्र दिवस समारोह में आमंत्रित लोगों की सूची में आटोरिक्शा चालक, श्रमिक, स्वच्छता कार्यकर्ता और फ्रंटलाइन कार्यकर्ता शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक जिन्हें कभी गणतंत्र दिवस समारोह देखने का मौका नहीं मिलता। उन्हें यह अवसर देने का विशेष प्रयास किया गया है। इस वर्ष राजपथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में सभी वर्गों के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

जानकारी के मुताबिक देश में ण्ध्ब्ब्ब्-19 प्रतिबंधों के कारण, इस साल आगंतुकों की संख्या में काफी कमी की जाएगी। महज पांच हजार से आठ हजार लोगों को अनुमति देने की योजना बनाई जा रही है। लेकिन हमने अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया है। पिछले साल गणतंत्र दिवस समारोह में 25हजार दर्शक शामिल हुए थे। बताया जा रहा है कि समारोह में आगंतुकों की सुरक्षा के मद्देनजर, सिर्फ टीकाकरण पूरा करा चुके लोगों को ही अनुमति दी जाएगी। साथ ही समारोह स्थल पर मेहमानों से छह फीट की दूरी बनाए रखने, मास्क पहनने और अन्य कोविड प्रोटोकाल का पालन करने का अनुरोध किया जाएगा। साथ ही सभी मेहमानों की थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी और चिकित्सा सहायता उपलब्ध होगी।

रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि, हम सभी दर्शकों के लिए इंटरनेट, टेलीविजन और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गणतंत्र दिवस समारोह का प्रसारण करेंगे। हम लोगों को घर से उत्सव का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। साथ ही मेहमानों के लिए राजपथ के हर तरफ दस बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं ताकि कार्यक्रम में लाइव प्रदर्शन को बेहतर तरीके से देखा जा सके। समारोह सुबह 10.30 बजे शुरू होगा जो अपने निर्धारित समय से 30 मिनट की देरी है। फ्लाईपास्ट प्रदर्शन के दौरान बेहतर दृश्यता सुनिश्चित करने के लिए देरी की गई है।

इस वर्ष गणतंत्र दिवस के निमंत्रण कार्ड विशेष रूप से डिजाइन किए गए हैं। आमंत्रितों को भेजे गए कार्ड में औषधीय बीज हैं, जिससे पौधे उगाए जा सकते हैं। रक्षा मंत्रालय ने मेहमानों से अनुरोध किया है कि वे कार्यक्रम के बाद कार्ड को बगीचे की जमीन में दफना दें। कार्ड में अश्वगंधा, एलोवेरा और आंवला के बीज शामिल किए गए हैं।

राहुल गांधी का पीएम मोदी पर तंज, इतना झूठ टेलीप्रॉम्पटर भी नहीं झेल सका

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दावोस एजेंडा समिट में हिस्सा लिया था। समिट में पीएम मोदी द्वारा दिए संबोधन की क्लिप को शेयर कर कांग्रेस ने पीएम मोदी उनपर तंज कसा है। इसके साथ-साथ राहुल गांधी ने भी पीएम मोदी पर निशाना साधा है। जो क्लिप शेयर की जा रही है, उसमें वह अपने संबोधन के दौरान बोलते-बोलते रुक जाते हैं।इस पर कांग्रेस और राहुल गांधी ने निशाना साधा है।आरोप है कि टेलीप्रॉम्पटर रुकने की वजह से पीएम आगे नहीं बोल सके है। राहुल गांधी ने लिखा, इतना झूठ टेलीप्रॉम्पटर भी नहीं झेल सका। वहीं कांग्रेस ने लिखा कि अब टेलीप्रॉम्पटर वाला शख्स बोल रहा होगा कि अच्छा चलता हूं, दुआओं में याद रखना।

दूसरी तरफ बीजेपी नेताओं द्वारा काउंटर अटैक भी किया गया है।दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा ने लिखा कि तकनीकी खामी वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की तरफ से आई थी,इसकारण पीएम ने संबोधन रोका गया था। कुछ वीडियोज भी सामने आए हैं जिससे पता चला है कि खामी टेलीप्रॉम्पटर में नहीं आई थी, बल्कि मैनेजिंग टीम ने पीएम से रुककर यह पूछने को कहा था कि सबको उनकी आवाज आ रही है या नहीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व आर्थिक मंच से निवेशकों को लुभाने का प्रयास किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में देश में किए गए 10 बड़े बदलाव को गिनाकर कहा कि अब मुश्किल के दौर खत्म हो चुके हैं। प्रधानमंत्री ने आर्थिक सुधारों पर जोर देकर बताया कि लाइसेंस राज के लिए बदनाम रहा भारत अब आगे बढ़ चुका है।

मुलायम सिंह की छोटी बहू अपर्णा आज भाजपा में शामिल होंगी, जेपी नड्डा से मुलाकात की

लखनऊ (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी अब अखिलेश यादव को बड़ा झटका देगी। सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव बुधवार को नई दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह के साथ मंगलवार को दिल्ली पहुंची अपर्णा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की।

विधानसभा चुनाव में सपा और भाजपा के बीच चल रहे एक-दूसरे के नेताओं को तोड़ने के खेल में भाजपा ने बड़ा दांव खेला है। मुलायम की बहू को भाजपा में शामिल कराकर भाजपा यह संदेश देने की कोशिश करेगी कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने छोटे भाई की बहू को संरक्षण नहीं दे सके। मुलायम की बहू को भाजपा में शामिल कराकर भाजपा यह संदेश देने की कोशिश करेगी कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने छोटे भाई की बहू को संरक्षण नहीं दे सके। अपर्णा ने 2017 में लखनऊ कैंट से सपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था।

कार्यकर्ता को संबोधित कर पीएम मोदी ने कहा, आपके वोट से मुझे और योगी जी को ताकत मिलाती

वाराणसी (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपी विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद मंगलवार को पहली बार किसी राजनीतिक कार्यक्रम में अपनी वर्चुअल रैली की। पीएम मोदी काशी क्षेत्र के करीब दस हजार भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जुड़े। नमो एप ने पीएम मोदी व कार्यकर्ताओं के बीच संवाद सूत्र का काम किया।

वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुबह नमो एप के माध्यम से संवाद शुरू किया। वाराणसी में शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के बूथ अध्यक्ष श्रवण कुमार रावत से भोजपुरी में हालचाल पूछा। पीएम ने पूछा कि बाबा विश्वनाथ धाम के दर्शन किए। श्रवण ने बताया कि कुछ दिन पहले ही सपरिवार गया था। उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ कर श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के नव्य-भव्य स्वरूप के बारे में बताया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने श्रवण से आग्रह किया कि अपनी टीम के साथ काशी में और स्वच्छता बढ़ाएं।उन्हें जिम्मेदारी सौंपी कि काशी आने वाले पर्यटकों को कबीरचौरा और संत रविदास मंदिर के दर्शन भी कराएं। इनके विकास के लिए भी सरकार ने बहुत काम किए हैं।

इस दौरान महामना मंडल की बूथ अध्यक्ष सीमा कुमारी से पीएम ने पूछा कि इधर कोरोना संक्रमण बढ़ गया है। इसके बाद जनसंपर्क कैसे हो पा रहा है। सीमा ने कहा कि सर, दो गज दूरी, मास्क जरूरी मंत्र का पालन करते हुए हम सबसे मिलजुल रहे हैं। तभी पीछे से किसी के खांसने की आवाज सुनकर पीएम ने बड़े आत्मीय भाव से पूछा कि किसी के खांसने की आवाज आ रही। कोई घर में बीमार है क्या..? सीमा ने कहा, जी नहीं। सब ठीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा से भोजपुरी में कहा कि आप जइसन बहिनन क ताकत ही हमार ताकत ह, देश के ताकत ह।

इस दौरान पीएम मोदी ने कार्यकर्ता नारायण से स्वास्थ्य सेवाओं का हाल पूछा। नारायण ने उन्हें बताया कि स्थिति काफी ठीक है। आयुष्मान कार्ड से गरीब अपना इलाज हुआ हैं, दवाएं उपलब्ध हैं। इस दौरान पीएम ने नए बने अस्पतालों का हाल भी जाना।

इसके बाद पीएम ने कहा कि काशी के ज्यादा से ज्यादा लोगों से बातचीत का मौका मिलता तब अच्छा रहता। लेकिन समय की सीमा रहती है। आप सभी के मैसेज मैं पढ़ता हूं और अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि माइक्रो डोनेशन-सूक्ष्म दान अभियान चल रहा है। आप पांच रुपया भी पार्टी को दान दे सकते हैं। क्या हम बूथों के बीच स्पर्धा करा सकते हैं कि कौन सा पोलिंग बूथ कितना दान इकठ्ठा करा सकता है। हमें पैसा नहीं जुटाना, पांच रुपया-दस रुपया काफी है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोडऩा है।

पीएम ने कहा, चुनाव अपने आप में एक ट्रेनिंग कैंप होता है। अधिकतम लोगों को कार्यकर्ता के रूप में हम तैयार कर सकते हैं। संगठन का विस्तार व कार्यकर्ता का विकास होना चाहिए। हमें लोगों को एक-एक वोट की कीमत समझानी है। हम और योगी जी इसलिए ही कुछ कर पा रहे हैं क्योंकि जनता ने हमें वोट दिया है। फिर मिलने का वादा और हर हर महादेव के उद्घोष के साथ पीएम ने संबोधन का समापन किया।

देवास एंट्रिक्स मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर बरसीं सीतारमण यह धोखाधड़ी का सौदा था

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देवास-एंट्रिक्स मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है। वित्त मंत्री ने मंगलवार को कहा कि यूपीए (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) ने 2011 में यह सौदा रद्द कर दिया था। यह धोखाधड़ी का सौदा था। एंट्रिक्स सौदे की धोखाधड़ी से देवास बच नहीं पाए, इसलिए सरकार ने सभी अदालतों में लड़ाई लड़ी। सीतारमण ने कहा कि 2011 में जब इसे रद्द किया गया तब देवास अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में चला गया। भारत सरकार ने मध्यस्थता के लिए नियुक्ति नहीं की, 21 दिनों के भीतर मध्यस्थता के लिए नियुक्ति के लिए कहा गया, लेकिन सरकार ने नियुक्ति नहीं की। उन्होंने कहा कि प्राइमरी वेवलेंथ, सैटेलाइट या स्पेक्ट्रम बैंड की बिक्री करके इसे निजी पार्टियों को देना और निजी पार्टियों से पैसा कमाना कांग्रेस सरकार की विशेषता रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देवास-एंट्रिक्स मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है। वित्त मंत्री ने मंगलवार को कहा कि (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) ने 2011 में यह सौदा रद्द कर दिया था। यह धोखाधड़ी का सौदा था। एंट्रिक्स सौदे की धोखाधड़ी से देवास बच नहीं पाए, इसलिए सरकार ने सभी अदालतों में लड़ाई लड़ी। सीतारमण ने कहा कि 2011 में जब इसे रद्द किया गया तब देवास अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता में चला गया। भारत सरकार ने मध्यस्थता के लिए नियुक्ति नहीं की, 21 दिनों के भीतर मध्यस्थता के लिए नियुक्ति के लिए कहा गया, लेकिन सरकार ने नियुक्ति नहीं की। उन्होंने कहा कि प्राइमरी वेवलेंथ, सैटेलाइट या स्पेक्ट्रम बैंड की बिक्री करके इसे निजी पार्टियों को देना और निजी पार्टियों से पैसा कमाना कांग्रेस सरकार की विशेषता रही है।

कैराना की विधायक नाहिद हसन की जमानत अर्जी खारिज

लखनऊ (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश में कैराना की विशेष अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार समाजवादी पार्टी विधायक नाहिद हसन की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। हसन को पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया गया था।हसन को 15 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। सांसद-विधायक विशेष अदालत के जज सुबोध सिंह ने कहा कि जमानत का मामला नहीं था, इसलिए जमानत अर्जी खारिज कर दी गई। इस पर हसन के वकील ने कहा कि वह जमानत के लिए हाईकोर्ट जाएंगे।सरकार के वकील अशोक पुंधीर के मुताबिक, शामली जिले में स्थित कैराना की विशेष अदालत ने 15 जनवरी को विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

पुलिस के मुताबिक हसन समेत कुल 40 लोगों पर पिछले साल मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में अधिकतर लोग जमानत पर रिहा हो चुके हैं, लेकिन हसन अब तक अदालत के समक्ष पेश होने में नाकाम रहे थे।

कच्चे तेल का भाव आसमान पर, लेकिन पांच राज्यों में चुनाव के कारण नहीं बढ़े दाम

नई दिल्ली (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल का भाव वर्ष 2014 के बाद से उच्चस्तर 87 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। इसके बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार 74वें दिन भी नहीं बढ़े हैं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के मानक ब्रेंट क्रूड के भाव मंगलवार को 87.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गए। इसके पीछे बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति पक्ष से जुड़ी बाधाएं मुख्य हैं। यमन के हूदी विद्रोहियों ने संयुक्त अरब अमीरात में तेल प्रतिष्ठान पर हमला कर आपूर्ति को बाधित किया है।इसके अलावा वैश्विक तेल भंडार भी कम हो रहे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि हमले के बाद पश्चिम एशिया के दो पड़ोसी देशों ईरान एवं सऊदी अरब के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है। इससे कच्चे तेल की आपूर्ति आने वाले समय में और बाधित हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दामों में पिछले कुछ दिनों से आई तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल एवं डीजल के दाम नहीं बढ़ रहे हैं। करीब ढाई महीने से पेट्रोल एवं डीजल के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपये प्रति लीटर के भाव पर हैं, जबकि डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर के दाम पर बिक रहा है। उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद राज्य सरकार के स्तर पर भी मूल्य वर्धित कर (वैट) कम किए जाने से पेट्रोल एवं डीजल के दाम इस स्तर पर हैं। अक्टूबर के अंत में पेट्रोल 110 रुपये और डीजल 98 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया था। जब देश में पेट्रोल एवं डीजल के दाम इतनी ऊंचाई पर थे, उस समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रेंट क्रूड भी 82 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ था। हालांकि बाद में उसमें गिरावट आती गई और दिसंबर, 2021 के अंत तक यह 68.87 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आ गया था।

हालांकि, नए साल की शुरुआत होते ही ब्रेंट क्रूड के भाव फिर से बढ़ने लगे और अब यह 87.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच चुके हैं। यह वर्ष 2014 के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें तय करने का अधिकार सरकार ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को दिया हुआ है। लेकिन कच्चे तेल के दाम बढ़ने के बावजूद तेल कंपनियां घरेलू स्तर पर कीमतें नहीं बढ़ा रही हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की वजह से तेल कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की जा रही है।

कार्टून कोना

कांग्रेस की मंशा देश के विकास के लिए ठोस काम करने की थी, दिखावा करने की नहीं - प्रियंका गांधी

लखनऊ (ईएमएस)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने फेसबुक लाइव के जरिए लोगों के सवालों के जवाब देते हुए कहा, 'भाजपा अक्सर यह सवाल करती है कि कांग्रेस ने अपने 70 साल के राज में आखिर क्या किया। अगर आप देखें तो इन वर्षों में बहुत सी उपलब्धियां हासिल की गईं। एम्स और आईआईटी जैसे संस्थान खड़े किए गए। यहां तक कि पोलियो का टीका बनाने की प्रक्रिया भी कांग्रेस के शासनकाल में ही शुरू हुई थी क्योंकि कांग्रेस की मंशा देश के विकास के लिए ठोस काम करने की थी, दिखावा करने की नहीं।'

उन्होंने भाजपा से सवाल करते हुए कहा, 'आज आप जहां खड़े हैं, वह पिछले 70 साल में किए गए कार्यों से तैयार किया गया मंच है। आखिर आपने अपने सात साल के कार्यकाल में क्या किया? आपने कौन सा संस्थान बनाया? अब जब चुनाव नजदीक हैं तो हम देखते हैं कि हवाई अड्डे का शिलान्यास किया जा रहा है या किसी हाई-वे का उद्घाटन किया जा रहा है। आखिर चुनाव के समय ही क्यों?'

कांग्रेस महासचिव ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक लेख में महिला शक्ति को नियंत्रित करने की जरूरत पर जोर दिया है। इससे साफ पता चलता है कि योगी, भाजपा और उसके नेताओं के महिलाओं के प्रति कैसे विचार हैं। महिलाओं की शक्ति और उनके गुण देश को बदल सकते हैं। महिला शक्ति को नियंत्रित करने की जरूरत नहीं है और आप इसे काबू में करने वाले कौन होते हैं? कांग्रेस और अन्य पार्टियों के बीच फर्क यह है कि हम यह सोचते हैं कि हम लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। हम यह नहीं मानते कि आप हमें जाति या धर्म के आधार पर वोट दें। हम सोचते हैं कि जनता के लिए काम करना हमारा कर्तव्य है। यह कोई एहसान नहीं है।'

प्रियंका ने हस्तिनापुर से कांग्रेस की उम्मीदवार अर्चना गौतम को लेकर की जा रही टिप्पणियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा 'अर्चना ने काफी संघर्ष किया है और जिस तरह से उन पर कीचड़ उछाला जा रहा हूं और मीडिया उनसे उनके कपड़ों और शादी के बारे में सवाल पूछ रहा है, मैं कहना चाहती हूं कि आखिर आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या किसी अन्य व्यक्ति से यह सवाल क्यों नहीं पूछते? आप आखिर क्यों अर्चना को जलील करना चाहते हैं, सिर्फ इसलिए कि वह महिला हैं?'

उन्नाव जिले के बलात्कार कांड की पीड़िता की मां तथा एक 'आशा बहू' को पार्टी का टिकट दिए जाने से संबंधित सवाल पर प्रियंका ने कहा, 'विपक्ष यह सोच सकता है कि हमारे उम्मीदवार कमजोर हैं लेकिन हमने उन्हें इसलिए टिकट दिया है क्योंकि जिन लोगों ने संघर्ष किया और अपनी जिंदगी में पीड़ा सही, वे अपने जीवन को सशक्त बना सकें।'

प्रियंका ने अपने भाई राहुल गांधी से बचपन में लड़ाई-झगड़े होने से संबंधित सवाल पर कहा कि उनकी दादी इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उनकी शिक्षा-दीक्षा घर में ही हुई। इस दौरान उनकी अपने भाई के साथ झगड़े भी हुए और दोस्ती भी हुई।

बेटे को टिकट के लिए रीता बहुगुणा का सांसदी से इस्तीफे का प्रस्ताव

-रीता ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर अपनी यह बात कही

लखनऊ(ईएमएस)। बीजेपी सांसद रीता बहुगुणा जोशी बेटे मयंक को लखनऊ कैंट से टिकट के लिए सांसदी भी छोड़ने को तैयार हो गई हैं। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर अपनी यह बात कही है। भाजपा ने एक परिवार एक टिकट का ऐलान किया है। इसलिए जोशी के बेटे को टिकट पर संशय की के हालात है। रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि एक परिवार से एक ही व्यक्ति को टिकट के पार्टी के फैसले के बारे में जब पता चला तो मैंने इस बारे में पत्र लिखा है। रीता ने कहा कि अगर कोई चुनावी राजनीति में आना चाहता है और लंबे समय से समाजसेवा कर रहा है तो उसे टिकट में हर्ज नहीं होना चाहिए।

रीता जोशी ने यह भी कहा कि मैंने पहले ही 2024 का चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा कर रखी है। अब मैं सासंदी छोड़कर पार्टी का काम करना चाहती हूं। रीता बहुगुणा का कहना है कि अगर मौजूदा सांसद के बेटे को टिकट देने में दिक्कत है तो वो सांसदी छोड़ने को तैयार हैं। रीता जोशी जिस सीट लखनऊ कैंट से टिकट मांग रही हैं, उस पर बीजेपी में कई दावेदार हो गए हैं। रीता बहुगुणा जोशी ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी को ज्वाइन किया था। रीता का कहना है कि उनका बेटा 2009 से राजनीति में एक्टिव है और लोगों के लिए काम कर रहा है। ऐसे में उनके बेटे मयंक जोशी को टिकट मिलना चाहिए। रीता के अलावा बीजेपी में अपने बेटों के लिए टिकट मांगने की लिस्ट में बीजेपी सांसद जगदम्बिका पाल, केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का भी नाम शामिल है। इन सभी ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने बेटों कि लिए टिकट की मांग की है।

इस बीच बीजेपी में यूपी विधानसभा चुनाव के लिए टिकटों के बंटवारे को लेकर मंथन जारी है। धर्मेंद्र प्रधान के आवास पर बैठक चल रही है। उम्मीद की जा रही है कि तीसरे और चौथे चरण के लिए बुधवार को टिकटों का ऐलान होगा।

पश्चिमी अफगानिस्तान में आए भूकंप से 12 लोगों की मौत, आवासीय घरों को काफी नुकसान

काबुल (ईएमएस)। पश्चिमी अफगानिस्तान में सोमवार को आए भूकंप में कम से क

जन हितैषी

अनूठे कलाकार बिरजू महाराज

कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज के निधन से भारतीय कला जगत ने अपने एक अनूठे कलाकार को खो दिया है। बिरजू महाराज का निधन संगीत जगत के लिए बड़ी क्षति है। कथक के पर्याय रहे बिरजू महाराज देश के प्रसिद्ध शास्त्रीय नर्तक थे। वे भारतीय नृत्य की कथक शैली के आचार्य और लखनऊ के कालका-बिंदादीन घराने के प्रमुख थे। बिरजू महाराज का जन्म 4 फरवरी 1938 को लखनऊ के कालका-बिन्दादीन घराने में हुआ था। बिरजू महाराज का नाम पहले दुखहरण रखा गया था। यह बाद में बदल कर बृजमोहन नाथ मिश्रा हुआ। इनके पिता का नाम जगन्नाथ महाराज था, जो लखनऊ घराने से थे और वे अच्छन महाराज के नाम से जाने जाते थे। बिरजू महाराज जिस अस्पताल में पैदा हुए, उस दिन वहां उनके अलावा बाकी सब लड़कियों का जन्म हुआ था, इसी वजह से उनका नाम बृजमोहन रख दिया गया। जो आगे चलकर बिरजू और फिर बिरजू महाराज हो गया। पंडित जी या महाराज जी के उपनाम से लोकप्रिय रहे बिरजू महाराज को देश के शीर्ष कथक नृतकों में से एक माना जाता रहा है। दशकों से वह कला जगत के सिरमौर रहे हैं। उनका संबंध कथक नृतकों के महाराज परिवार से रहा है। उनके चाचा शंभू महाराज और लच्छू महाराज भी कथक के नृतक थे। इसके अलावा उनके पिता और गुरु अच्छन महाराज भी हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक के बड़े कलाकार थे। कथक नृत्य के जरिए सामाजिक संदेश देने के लिए बिरजू महाराज को हमेशा याद किया जाएगा। बिरजू महाराज ने देवदास, डेढ़ इश्किया, उमराव जान और बाजी राव मस्तानी जैसी फिल्मों के लिए डांस कोरियोग्राफ किया था। इन्होंने सत्यजीत राय की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी में संगीत दिया था। बिरजू महाराज को 1983 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और कालिदास सम्मान भी मिला था। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और खैरागढ़ विश्वविद्यालय ने बिरजू महाराज को डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी थी। पिता अच्छन महाराज को अपनी गोद में महज तीन साल की उम्र में ही बिरजू की प्रतिभा दिखने लगी थी। इसी को देखते हुए पिता ने बचपन से ही अपने यशस्वी पुत्र को कला दीक्षा देनी शुरू कर दी। बचपन से मिली संगीत व नृत्य की घुट्टी के दम पर बिरजू महाराज ने विभिन्न प्रकार की नृत्यावलियों जैसे गोवर्धन लीला, माखन चोरी, मालती-माधव, कुमार संभव व फाग बहार इत्यादि की रचना की। सत्यजीत रॉय की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी के लिए भी इन्होंने उच्च कोटि की दो नृत्य नाटिकाएं रचीं। इन्हें ताल वाद्यों की विशिष्ट समझ थी, जैसे तबला, पखावज, ढोलक, नाल और तार वाले वाद्य वायलिन, स्वर मंडल व सितार इत्यादि के सुरों का भी उन्हें गहरा ज्ञान था। 1998 में अवकाश ग्रहण करने से पूर्व पंडित बिरजू महाराज ने संगीत भारती, भारतीय कला केंद्र में अध्यापन किया व दिल्ली में कत्थक केंद्र के प्रभारी भी रहे। इन्होंने हजारों संगीत प्रस्तुतियां देश में देश के बाहर दीं। बिरजू महाराज ने कई प्रतिष्ठित पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त किए। उन्हें प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादम, पद्म विभूषण मिला। मध्य प्रदेश सरकार सरकार द्वारा इन्हें कालिदास सम्मान से नवाजा गया। बिरजू महाराज को कई सम्मान मिले। 1986 में उन्हें पद्म विभूषण से नवाजा गया। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा कालिदास सम्मान प्रमुख हैं। इनके साथ ही इन्हें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं खैरागढ़ विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि मानद मिली। 2016 में हिन्दी फिल्म बाजीराव मस्तानी में मोहे रंग दो लाल गाने पर नृत्य-निर्देशन के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। 2002 में उन्हें लता मंगेश्कर पुरस्कार से नवाजा गया। 2012 में विश्वरूपम के लिए सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशन का और 2016 में बाजीराव मस्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशन का फिल्म फेयर पुरस्कार मिला। बिरजू महाराज को कथक में नये आयाम नृत्य-नाटिकाओं को जोड़ने और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कथक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कलाश्रम की स्थापना की।

तालेबान को कोई इस्लामी समर्थन नहीं है...!

दुनिया भर में 57 इस्लामिक देशों ने विश्वभर में ये स्पष्ट संदेश दे दिया है कि वो तालेबान की हिंसा व अत्याचारों के खिलाफ हैं। इस्लाम के नाम पर प्रशासन करने वाला तालेबान सिर्फ चीन, रूस व पाकिस्तान के भरोसों पर ही है। तालेबानी जो औरतों व बच्चों पर अत्याचारों के मामलों में बदनाम है दुनिया भर में मुस्लिम देशों की तरफ देख रहे हैं। पाकिस्तान भी सिं और सिं अफगानिस्तान के संसाधनों व अपने आर्थिक फायदों के लालच से तालेबान के साथ है। चीन व रूस भी अपने आर्थिक फायदे देख रहे हैं। दुनियाभर में इस्लाम के मानने वाले हों या इस्लामिक देश सभी हिंसा के खिलाफ हैं।

दुनियाभर के 62 प्रतिशत मुस्लिम आबादी भारत, बंगलादेश, तुर्की, इंडोनेशिया, पाकिस्तान आदि में हैं ये सभी के सभी तालेबान के खिलाफ हैं। विश्वभर में कोई भी इस्लामिक देश ऐसा नहीं है जो तालेबानों के किसी भी मुद्दे पर उन्हें समर्थन देने को तैयार हो फिर भी भारत के अतिवादी व हिन्दू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद कर के वोट मांगने वाले लोग इस्लाम को हिंसा का समर्थक बताते आ रहे हैं व इसमें शामिल कुछ ऊंची जाति वाले ब्राम्हण लोग ही नफरतों को फैलाते देखे जा रहे हैं। अफगानिस्तान में तालेबानों से लड़ने वाले लोग भी मुस्लिम ही हैं ये पूरी दुनिया जानती है।

सऊदी अरब व यू.ए.ई. अमेरिका के पाले में शुरू से हैं। ये लोग अमेरिका की तालेबानों से दूरियाँ बनाते दिखाई दे रहे हैं पर अमेरिका का कोई भरोसा नहीं वो ईराक की तरह कभी भी झूठे आरोप लगाकर कभी भी किसी कमजोर मुल्क को तबाह करने का या उसे हड़पने का बहाना ढूँढता रहता है। 30 सालों तक तो अमेरिका वियतनाम पर हमले करता रहा है। तालेबानियों में भी कुछ अलग-अलग ग्रुप हैं। कुछ कम हिंसक हैं तो कुछ महज कुर्सी और सत्ता के लिये कभी भी कुछ करते आ रहे हैं। जैसे भारत में कांग्रेस व भा.ज.पा. हैं। तालेबानियों का चरित्र मानवता विरोधी है जिसे अब दुनिया ने खूब पहचान लिया है।

भारत में भी सत्ता दल कभी-कभी सियासी फायदों के लिये तालेबानियों जैसा बर्ताव दलितों व मुसलमानों के साथ करने लगते हैं। छुआछूत फैलाते व शांति भंग करने के लिये दलितों व मुस्लिम बस्तियों में ये लोग भगवा बिग्रेड की मदद से कटुरता फैलाते देखे जाते हैं। दलित चिंतक कमल भारती अपनी ये बात तर्कों के आधार पर अपने व्याख्यानों में कहते सुने गये हैं। उनका दावा है कि लव जिहाद संघ परिवार दलितों के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिये बनाया गया है जिससे वो गरीबों की बस्तियों में रहने वाले दलितों व मुस्लिमों में एकता व दोस्ती न बढ़ने लगे। (लेखक-नईम कुरेशी / ईएमएस)

दैनिक पंचांग

19 जनवरी 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मकर में	मकर	06.25 बजे से
चंद्र	कर्क में	कुंभ	08.15 बजे से
मंगल	धनु में	मीन	09.48 बजे से
बुध	मकर में	मेष	11.19 बजे से
गुरु	कुंभ में	वृष	12.59 बजे से
शुक्र	धनु में	मिथुन	14.57 बजे से
शनि	मकर में	कर्क	17.10 बजे से
राहु	वृष में	सिंह	19.27 बजे से
केतु	वृश्चिक में	कन्या	21.38 बजे से
राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक		तुला	23.49 बजे से
		वृश्चिक	02.04 ब.से
		धनु	04.20 बजे से

बुधवार 2022 वर्ष का 19 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** शिशिर।
विक्रम संवत् 2078 **शक संवत्** 1943
मास माघ (दक्षिण भारत में पौष)
पक्ष कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 06.54 बजे को समाप्त।
नक्षत्र आश्लेषा अहोरात्र।
योग प्रीति 16.05 बजे को समाप्त।
करण कौलव 06.54 बजे तदनन्तर तैतिल 19.33 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 16.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 20° 23'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871133
जूलियन दिन 2459598.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2548
हिजरी सन् 1443
महीना जमादि उस्सानी
तारीख 15

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54 से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41 से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22 से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12 से	08.44 बजे तक
काल	08.15 से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44 से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19 से	11.47 बजे तक	चर	10.16 से	11.47 बजे तक
रोग	11.47 से	01.16 बजे तक	रोग	11.47 से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16 से	02.44 बजे तक	काल	01.19 से	02.51 बजे तक
चर	02.44 से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51 से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12 से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

हैवानियत: दरिंदों को फांसी की सजा से रुकेगें दुष्कर्म ?

नव वर्ष 2022 में अपराध की तारीख बदली ,मगर तस्वीर नहीं बदली,एक बार फिर वहशी दरिंदों द्वारा राजस्थान के अलवर में एक मूक बधिर सोलह साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म से कायनात कांप उठी है।बर्बरता की इस घटना ने राजस्थान की धरती को कंलकित किया है।दुष्कर्म के बाद वहशी दरिंदों ने उसे अलवर के तिजारा फाटक के पास फैंक दिया। दुष्कर्म की वारदात से हर भारतीय उद्वेलित है। राष्टरीय अपराध व्यूरों के मुताबिक देश में लगातार दो सालों से दुष्कर्म के सबसे अधिक मामले राजस्थान में दर्ज किए गए हैं।दुष्कर्म की इस वारदात ने निर्भया सामूहकि दुष्कर्म के रिसते जख्मों को कुरेद दिया है। निर्भया के दरिंदों को तो उनके कर्मों की सजा मिल चुकी है। यह रौंगटे खड़े कर देने वाली घटना बहुत ही दुखद है।हर रोज अस्मत लूटी जा रही है।दरिंदों द्वारा हर राज्य में दरिंदगी का सामाज्य बना रहे है।दरिंदों की अराजकता बढ़ती ही जा रही है।जंगलराज स्थिर्तियां बन रही है।कानून को धता बताकर दरिंदें दरिंदगी का तांडव कर रहे है। दरिंदों को सरेआम मौत के घाट उतारना होगा ताकि आने वाले समय में दरिंदे कई बार सोचेगें की उनकी करतूतो का क्या अंजाम होगा। आखिर कब तक बेटियां दरिंदों की दरिंदगी का शिकार होती रहेगी। ऐसी बारदातें बहुत ही चिंतनीय हैं।,एक बार फिर वहशी दरिंदों ने हैदराबाद में एक डाक्टर से सामूहिक दुष्कर्म किया और उसकी लाश को जला दिया।खौफनाक वारदात से हर भारतीय सदमें है।देश में बेटियां हर जगह असुरक्षित महसूस कर रही हैं। कभी निर्भया गैगरेप तो कभी हिमाचल का गुड़िया कांड तो कभी कुठुआ में दुष्कर्म ,उन्नान व रेवाडी कांड हो चुके है।2019 में हैदराबाद में एक डाक्टर से सामूहिक दुष्कर्म किया था और उसकी लाश को जला दिया था। आखिर यह दुष्कर्म कब रुकेंगें।यह यक्ष प्रशन बनता जा रहा है। फांसी के जितने भी मामले लंबित हैं त्वरित कारवाई करके दरिंदों का सर्वनाश करना चाहिए। कानूनों को धत्ता बताकर बीमार मानसिकता के बेखौफ हवसी दरिंदें अराजकता फैला रहे है कानून का कोई डर नहीं है।जंगलराज जैसे हालात पैदा हो रहे है।बेटियां खौफजदा है। दरिंदों की दरिंदगी की वारदातें कब रुकेगी, बेटियों की सुरक्षा के दावे कहां है।यह एक यक्ष प्रशन है यहसुलगते प्रशन है कि बेटियां कब सुरक्षित होगी।जघन्य व दिल दहला देने वाली दुष्कर्म की घटनाओं से जनमानस खौफजदा है।16 दिसंबर 2012 से दिसंबर 2021तक दुष्कर्मों का सिलसिला जारी रहा ऐसा कोई दिन न बीता होगा जिस दिन दरिंदों ने किसी की इज्जत की नीलामी न लगाई होगी पूरे 365 दिन बैखौफ दरिंदों के कारनामें बदस्तूर जारी रहे। आंकड़ों के अनुसार 12 सितंबर 2018 को हरियाणा के रेवाड़ी में एक 19 साल की मेधावी छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म कर दिया था।27 जून 2018 को मध्यप्रदेश के मंदसौर में एक सात साल की नाबालिग स्कली बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना से हर भारतीय उद्वेलित हुआ था।यह बच्ची तीसरी में पढ़ती थी। मासूम से हुई दरिंदगी व हैवानियत की यह घटना बहुत ही दिल दहलाने वाली थी। दरिंदों ने जिस बर्बरता व हैवानियित से घटना को अंजाम दिया था उससे रौगटे खडे हो जाते है। दरिंदों ने दरिंदगी की हदे पार कर दी थी। अब समय आ गया है कि दरिंदों को फांसी की सजा से ही इन मामलों पर विराम लग सकता है।वर्ष 2021 के जनवरी माह से देश के हर राज्य में इन मामलों में बेतहासा वृद्धि दर्ज की गई थी।साल के 12

माह में यह दुष्कर्म रुकने का नाम नहीं ले रहे थें।सरकार को इन मामलों पर त्वरित कारवाई करनी होगी।हर रोज दरिंदें दरिंदगी का तमाशा कर रहे है।देश में दुष्कर्म के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है।इससे पहले कठुआ में भी एक बच्ची के साथ दरिंदगी का मामला प्रकाश में आया था। प्रतिदिन इन अपराधों में इजॉफा होता जा रहा है।देश में दरिंदगी की वारदातें कब रुकेगीं।गत वर्ष हिमाचल में भी गुडिया कांड हुआ था।इससे पहले देश की राजधानी दिल्ली में दिल दहला देने वाला कृत्य हुआ था जब द्वारका नार्थ इलाके में देर रात टैक्सी से घर लौट रही एक महिला से उबर जैसे रेप का मामला घटित हो गया था।यह बहुत ही घिनौना कृत्य है कि ऐसे प्रकरण थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। देश में लड़कियां कितनी महफूज है इन घटनाओं से अंदाजा लगाया जा सकता है। 16 दिसंबर 2012 दिल्ली गैगरेप के बाद न तो हालात बदले और न ही बलात्कार रुके निरंतर इन घटनाओं में इजाफा होता गया ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया इसे पुलिस व्यवस्था की लापरवाही करार देना ठीक होगा क्योकि इन 9 सालों में हजारों बलात्कार की घटनाएं घटित हुई हैं 16 दिसंबर 2012 की घटना के बाद तो इतने दुष्कर्म हुए हैं कि थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।देश के प्रत्येक राज्य में इन केसों में निरंतर बढोतरी हो रही है यदि इन दरिंदों को फांसी हो जाती है तो इन मामलों पर रोक लग सकती है क्योकि ऐसे दरिंदें लोगो को एक सबक मिल जायेगा कि गलत काम करने का अंजाम क्या होता है। भेडियों व दरिंदों की मानसिकता न बदली है और न बदलेगी इन दरिंदों

को फांसी ही आखिरी विकल्प है। मुम्बई में एक महिला फोटोग्राफर से गैंगरेप ने भी हर भारतीय को हिला दिया था। निर्भया के बाद दिल्ली में गुडिया के साथ भी रौंगटे खडे कर देने वाला कुकृत्य हुआ था उसमें भी मनोज नामक आरोपी ने हैवानियत की हदें पार की थी।बलात्कार की घिनौनी वारदातों के कारण विश्व गुरु की इतनी फजीहत हो रही है कि दुनिया में बदनामी हो गई हैं। कुछ बीमार व नीच मानसिकता के लोगो ने भारत की छवि को दागदार किया है जनमानस को अब संकल्प लेना होगा तथा एकजुट होकर ऐसे लोगों का खात्मा करना होगा जो देश के लिए कंलक हैं। ताकि आने वाले समय में ऐसे अमानवीय कृत्यो पर लगाम लग सके ।यदि अब भी कानूनों में सख्ती न बरती तो ऐसे दरिंदें फिर से इन घिनौनी वारदातों को अंजाम देते रहेगें।इसलिए अब ऐसे लोगों को समाज से बहिष्कृत करना चाहिए। केन्द्र सरकार को चाहिए कि देश के सार्वजनिक स्थलों पर हर समय सुरक्षा व्यवस्था कायम की जाए। सादी वर्दी में महिला पुलिस तैनात करनी चाहिए। सरकार को बिना समय गंवाए इन दरिंदों का खात्मा करना चाहिए। ऐसे दरिंदें देश के लिए घातक हैऐसे दरिंदें न जाने कैसे वातावरण में

रहते होगें ।ऐसे लोगो को समाज की कोई फिक्र नहीं होती कि उनके कृत्यों से पूरा समाज द्रवित होता है । समाज में ऐसे लोग बहुत ही घातक सिद्व हो रहे है । ऐसी घटनाओं पर रोक के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने होगे ।ऐसे दुष्कर्म सामाजिक मूल्यों का पतन दर्शातें है कि समाज में विकृत मानसिकता के लोगों का बोलबाला होता जा रहा है ।इन मामलों से इन्सानियत तार-तार हो रही है ।समाज को ऐसे अपराधिक प्रवृति के लोगों की पहचान करनी होगी । यदि अब भी समाज के लोगों ने इन दरिंदों को सबक नहीं सिखाया तो फिर से कोई और लड़की दरिंदों की दरिंदगी का शिकार होगी । अब समाज को जागना होगा ,दरिंदों का खात्मा करना होगा ।कानून के रखवालो को भी समाज में घटित इन हादसों पर गहराई से चितंन करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे प्रकरणों पर विराम लग सके । ऐसे लोगो को समाज से बहिष्कृत करना चाहिए। अगर यह प्रवृति बढ गई तो हालात बेकाबू हो जाएगें । पुलिस को भी अपने कर्तव्य का निर्वाह करना होगा ताकि पुलिस की छवि बरकरार रहे और समाज में ऐसे हादसे रूक सके । इन बलातकारियों को सजा ए मौत से ही दुष्कर्मो पर लगाम लग सकती है।तभी यह अपराध रुक सकते हैं। अगर सरकारों ने अब भी लापरवाही बरती तो हर रोज यह सिलसिला जारी रहेगा तथा चारों तरफ अराजकता फैलेगी ।केन्द्र सरकार को भी इन हादसों पर बिना समय गंवाए इन दुष्कर्मो को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए ताकि देश में ऐसी वारदातों की पुनरावृति न हो सके । इनका नामोनिशान मिटाना होगा। तभी बहु-बेटियों बेखौफ होकर घूम सकती है ।वक्त अभी संभलने का है अगर अब भी दुष्कर्म के इन मामलों को अनदेखा किया तो ऐसे दरिंदें हर गली व चैराहे पर दरिंदगी को अंजाम देते रहेगें।ऐसे दरिंदों को सरेआम फांसी देनी चाहिए। (लेखक- नरेन्द्र भारती / ईएमएस)

महिलाओं के प्रति असंवेदनशील समाज...

कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफ़ीम कहा था। वर्तमान दौर में सोशल मीडिया 'अफ़ीम' का काम कर रही है। ऐसे में आज भले हमारे सम्पर्क का दायरा बढ़ गया है, लेकिन दिलों में नफ़रत की खाई पनपती जा रही है और कहीं न कहीं सोशल मीडिया नफ़रत फैलाने का जरिया बनता जा रहा हैं। इतना ही नहीं यहां कई बार किसी अपराध की प्रकृति ऐसी होती है, जिसके जिम्मेदार लोगों को तो कानून के कठघरे में लाया जा सकता है, लेकिन उससे सामाजिकता की व्यापक छवि को जो नुकसान पहुंचता है, उसकी भरपाई आसान नहीं होती। इंटरनेट के विस्तार के साथ-साथ इसकी उपयोगिता से इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन इसके समांतर साइबर दुरुपयोग के जितने स्तर सामने आ रहे हैं, वे अपराधों का एक नया संजाल खड़ा कर रहे हैं। ऐसे में देखें तो विज्ञान ने तरक़्क़ी तो बहुत कर ली है पर विज्ञान वरदान साबित होगा या अभिशाप? यह हमें ही तय करना है। विडंबना देखिए जिस तकनीकी का इजात मानव की भलाई के लिए किया गया था आज वही नफ़रत का ज़रिया बन गया है। बाजारवाद के इस दौर में हर चीज़ बिकाऊ हो गई है और शायद इसी मानसिकता ने 'बुल्ली बाई' जैसे ऐप को इज़ात कर लिया, लेकिन हमारी सहनशीलता देखिए कि इस अनैतिक अपराध पर भी हम खामोश बैठे है। हमारी सारी संवेदनाएं मर गई है। हमे तो बस धर्म के नाम पर राजनीति करनी है। वर्तमान दौर में इंसानियत को भी धर्म के आधार पर बांटने का राजनीतिक खेल खेला जा रहा है। पर हमें इससे भला कहाँ फर्क पड़ने वाला है? हमें तो धर्म के नाम पर राजनीति करने की आदत सी हो गई है। इसीलिए तो अब विरोध भी धर्म देखकर किया जाने लगा है। पर क्या इंसानियत धर्म से बढ़कर हो गई है? हम तो वसुधैव कुटुम्बकम की परंपरा को मानने वाले लोग है जहां हर जीव पर दया की जाती है। फिर कैसे किसी धर्म विशेष की महिलाओं पर अन्याय होता देख हमारा सभ्य समाज अंधा हो गया है। कहां गई वे महिलाएं जो आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने की बड़ी बड़ी ढींगे हांकती है। जो विपक्ष बिना मुद्दे के भी शोर मचाते नहीं थकता था वह क्यों खामशो हो गया है? हर छोटी बड़ी बात में जो न्यायालय स्वयं संज्ञान ले लेता है आज वह भी मानो अपनी आंखों पर पट्टी बांध रहा हो। सवाल कई है पर सभी की जुबां मौन है और कई बार इसी मौन को 'स्वीकृति' का प्रतीक मान लिया जाता है। ऐसे में इन मुद्दों पर मुखर होने की जरूरत है और यह समझने की आवश्यकता कि आख़िर क्यों पढ़े-लिखें युवा भी ऐसे कामों में संलिप्त हो रहें हैं। वैसे देखा जाए तो यह खामोशी महिलाओं के लिए सबसे बड़ा अभिशाप बन गई है। जुर्म करना अपराध है लेकिन जुर्म होते देख कर खामोश हो जाना भी बड़ा अपराध है।

कल्पना कीजिये कि एक महिला पर क्या बीती होगी जब नए वर्ष की सुबह में उस महिला ने खुद को नीलामी की वस्तु के रूप में देखा होगा। जहां उसकी बोली लगाई जा रही है, उस पर गंदे गंदे कमेंट किये जा रहे है।सोशल मीडिया पर उसकी क़ीमत तय की जा रही है। यह कोई कल्पना नहीं बल्कि वर्तमान दौर की सच्चाई है। जिसमें 'बुल्ली बाई' नामक ऐप के द्वारा 100 से अधिक मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरों को नीलामी के लिए डाल दिया गया। उनकी बोली लगाई जा रही थी। इस ऐप में अभिनेत्री शबाना आज़मी से लेकर उच्च न्यायालय के न्यायधीश की पत्नी के साथ ही कई जानी मानी पत्रकार और राजनेता की तस्वीर भी शामिल थी। ताजुब की बात है कि पिछले छह महीने में यह दूसरी बार है जब इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। इससे पहले 'सुल्ली डील' में भी इसी तरह महिलाओ को टारगेट किया गया था। वहीं अब इसे महज संयोग कहें या साज़िश सवाल तो यह उठता है कि यह ऐप तब लाया गया जब पंजाब, उत्तरप्रदेश व उत्तराखंड जैसे राज्यों में चुनाव का माहौल है। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि कहीं चुनाव का माहौल बिगाड़ने की यह साज़िश तो नहीं? क्योंकि सुल्ली डील को भी तभी लांच किया गया था जब पश्चिम बंगाल में चुनाव चरम पर था।

वहीं आंकड़ों के दृष्टिकोण से जब हम सोशल मीडिया यानी इंटरनेट और महिलाओं को देखते हैं। फिर भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के मुताबिक मार्च 2021 के अंत तक भारत में लगभग 82.5 करोड़ इंटरनेट यूजर थे। उनमें से अधिकांश वास्तविक हैं, जिनमें शरारती तत्वों की संख्या बहुत कम है। लेकिन ऐसे शरारती तत्वों में राष्ट्र, उसकी राजनीति, अर्थव्यवस्था और नागरिकों के व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में तबाही मचाने की घातक क्षमता होती है। इतना ही नहीं ये सामाजिक ताने-बाने को ध्वस्त करने के लिए दबाव डाल सकते हैं और ऐसा ही कुछ ओपन-सोर्स ऐप बुल्ली बाई में भी देखा जा सकता है, जिसे ठमुस्लिम महिलाओं की नीलामीठ के लिए वेब प्लेटफॉर्म गिटहब पर होस्ट किया गया। इतना ही नहीं यह हमारे समाज और व्यवस्था की कड़वी सच्चाई है कि साइबर ब्लैकमेलिंग, इंटरनेट पर परेशान करना और डराना-धमकाना एक बहुत बड़ा मुद्दा है, जिससे महिलाओं और उनके परिवारों को काफी तनाव होता है और अब ये बातें सिर्फ महानगरों तक सीमित नहीं है या किसी विशेष जाति या समुदाय के लिए विशिष्ट भी नहीं। एनसीआरबी के आंकड़ों की ही बात करें तो 2020 के दौरान भारत में कुल साइबर अपराध की संख्या 50,035 थी और विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ अपराध केवल 10,405 थे। मालूम हो कि ये आंकड़े जमीनी हकीकत का एक अंश मात्र हैं और कई बार महिलाएं समाज में बदनामी के डर से भी शिकायत नहीं करती हैं, क्योंकि मर्दवादी भारतीय समाज में पीड़ित महिलाओं पर ही इल्जाम मढ़ दिया जाता है।

इसके अलावा देखें तो इस बार के बुल्ली बाई ऐप ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अपराध की कोई उम्र नहीं होती और अपराध करने वाले की कोई जाति नहीं। इस ऐप में भी जिस तरह से 18-21 साल के युवा विद्यार्थियों के नाम सामने आ रहें हैं। वह यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि आख़िर हमारे देश के नौजवान किस राह पर बढ़ रहे हैं और इसके पीछे कारण क्या? इसकी तह तक जाना आज के वक्त की जरूरत है। आख़िर कोई पढा-लिखा युवा दिमागी रूप से जहरीला बन रहा तो उसके लिए जिम्मेदार धर्म है या व्यवस्था? इसकी स्पष्ट रूपरेखा भी अब तय होनी चाहिए, क्योंकि यूं ही कोई रास्ता तो भटकता नहीं और हां अगर हम यह मानकर इस बार भी बैठ गए कि अभी बोली तो मुस्लिम महिलाओं की लगी है हमें क्या? तो यह एक जिम्मेदार समाज का सबसे बड़ा नकारापन होगा क्योंकि ऐसी परिस्थियां धर्म और मजहब नहीं देखती। वहीं इस मामले में एक पहलू यह है कि किसी ऐप के जरिए महिलाओं को अपमानित करने जैसे अपराधों के पीछे जो प्रवृत्ति काम करती है, वह एक जटिल समस्या है और यह समझना मुश्किल नहीं है कि समुदाय विशेष की महिलाओं को निशाना बना कर उन्हें अपमानित करने, उनका भयादोहन करने के पीछे मुख्य रूप से सांप्रदायिक नफरत की भावना काम करती है। इससे एक पूरे समुदाय और खासकर महिलाओं के भीतर अपनी स्थिति को लेकर कैसी भावना पैदा होती होगी, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसी हरकतों से चौतरफा नुकसान के सिवा और क्या हासिल होगा? यह हम और आप सभी समझ सकते हैं और ऐसे अपराध में सच यह भी है कि इस तरह का अपराध करने वाले लोग न्यूनतम मानवीय संवेदनाओं से भी दूर होते हैं और प्रथम दृष्टया इनके निशाने पर किसी खास समुदाय की महिलाएं हो सकती हैं, लेकिन आखिरकार ये सभी महिलाओं के खिलाफ कुंठा से भरे होते हैं। साइबर संसार के विस्तृत होते दायरे में ऐसे अपराधियों की गतिविधियों पर तत्काल लगाम नहीं लगाई गई तो आने वाले वक्त में डिजिटल दुनिया को लेकर एक खास तरह का असुरक्षाबोध जोर पकड़ेगा। (लेखिका-सोनम लववंशी / ईएमएस)

आज का इतिहास 19 जनवरी

1597 मेवाड़ के महाराणा प्रताप का निधन.
1649 इंग्लैंड नरेश चार्ल्स प्रथम के खिलाफ मुकदमा शुरू हुआ था.
1736-स्काटिश आविष्कारक जेम्स वाट का जन्म.
1795 फ्रांसीसी फौजों ने हालैंड को तबाह किया.
1809 लेखक एडगर एलन पो का जन्म.
1812 बेलिंगटन के ड्यूक के नेतृत्व में स्पेन में कई महत्वपूर्ण शहरों पर कब्जा किया.
1918 बोलेविको ने पेट्रोगाड स्थित संविधान सभा को भंग कर दिया.
1938 जनरल फ्रांसिस्को फ्रैंको के समर्थक सैनिकों ने बार्सीलोना और वैलेसिया शहरों पर बमबारी की जिससे 700 व्यक्ति मारे गए.
1956 सूडान अरब लीग का नौंवा सदस्य बना.
1960 अमरीका और जापान के बीच आपसी सुरक्षा समझौता हुआ.
1974 चीन ने सोवियत संघ के एक राजनयिक सहित पांच लोगों को जासूसी के आरोप में देश से निष्कासित कर दिया.
1992 इसरायल के प्रधानमंत्री चितजाक मीर की मिली-जुली सरकार ने संसद में बहुमत खो दिया.
1994 परिवहन विमान पर हमले के बाद सरायेवो से लोगों को बाहर निकालने का काम राष्ट्रसंघ अधिकारियों ने स्थगित कर दिया.
1995 चेचन्या के अलगाववादी राष्ट्रपति भवन से भाग निकले और रूसी तोपखाने ने उसे नष्ट कर दिया.
2003 भारतीय राजनयिक सुधीर व्यास को पाकिस्तान में प्रताड़ित किया गया.
2004 हिमाचल प्रदेश में चम्बा जिले के गरौला गांव में एक बस के नदी में गिर जाने से 21 लोग मरे.
2005 सानिया मिर्जा लान टेनिस के आस्ट्रेलिया ओपन के तीसरे दौर में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं.

शब्द पहेली - 7172



बाएँ से दाएँ
1.पैगंबर,खुदाई रहनुमा-4
4.कारगुजारी,करिश्मा-4
7.दौड़ना (अंग्रेजी -2)
8.पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9.गहराई-2
10.राय,वोट-2
12.आलीशान,उदार-3
14.नकारना,इंकार करना-2,3
15.चोरी करना-2,3
17.राशन,खाद्य सामग्री-3
19.गन्ना-2
21.हर रोज,प्रतिदिन-2
23.वाद्य बजाने वाला-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
25.जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26.महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

ऊपर से नीचे
1.हमेशा,हर पल,सदैव-4
2.जनता,लोक-2
3.द्रव पदार्थ-3
4.नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5.और,एवं-2
6.मन भटकाना-4
11.झगड़ा,कहासुनी-4
13.कोमलता-4
14.राजी करना-3
15.सहखिलाड़ी-4
16.चौकीदार,प्रहरी-4
18.कीचड़ -4
20.नगद राशि-3
22.पानी से सराबोर-2
24.थोड़ा,जरा-2

शब्द पहेली -7171 का हल

	त	ल	वा	र		वि		
	क		द्य		अ	रा	ज	क
क	रा	र		क	प	ट		हा
	र	ज	त		ना		औ	षु
अ		क	मी	ना	प	न		मी
चा	बी		ज		न	ज	ला	
न		स	वा	ल		र	ज	त
क	र	ब	ला		आ		वा	
		ल		अ	स	बा	ब	

■Jagrutidaur.com, Bangalore

खेल - समाचार

पहले एकदिवसीय में

भारत- दक्षिण अफ्रीका पहला एकदिवसीय आज

दोपहर 2 बजे से शुरु होगा मैच

पार्ल (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां तीन एकदिवसीय मैचों की क्रिकेट सीरीज के पहले मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी। इस मैच में लोकेश राहुल भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि सीमित ओवरों के नियमित कप्तान रोहित शर्मा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस सीरीज से बाहर हैं। इस मैच में सभी की नजर पूर्व कप्तान विराट कोहली पर भी रहेंगी। विराट इस मैच में केवल एक बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। यह भी देखा जाएगा कि कप्तानी छोड़ने के बाद वह कैसी बल्लेबाजी कर पाते हैं। विराट पिछले दो साल से शतक नहीं लगा पाये हैं और प्रशंसकों को उम्मीद रहेगी कि वह इस मैच में शतक लगायें। वहीं इस सीरीज में कप्तानी कर रहे राहुल की नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। विराट के होने से राहुल उनसे जरुरी सलाह ले सकेंगे। राहुल ने दूसरे टेस्ट में विराट के बाहर होने के कारण कप्तानी की थी पर उस मैच में भारतीय टीम हार गयी थी। राहुल को इस मैच में विराट से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम को टेस्ट सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब भारतीय टीम यह मैच जीतकर एकदिवसीय सीरीज की शुरुआत जीत से करना चाहेगी। भारतीय टीम के बल्लेबाज टेस्ट सीरीज में नाकाम रहे थे पर उन्हें अब इस एकदिवसीय सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसके अलावा गेंदबाजों को भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

इस मैच में अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन को भी अवसर मिल सकता है। अगर उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह मिलती है तो वह लोकेश राहुल के साथ पारी शुरु कर सकते हैं। इस मैच में युवा रूतुराज गायकवाड़ को शायद ही अवसर मिले। धवन के लिए यह तीनों मैच काफी अहम होंगे। इस मैच में विराट तीसरे नंबर पर उतरेंगे जबकि चौथे नंबर के लिये सूर्यकुमार यादव और श्रेयस अय्यर के बीच में से किसी एक खिलाड़ी को अवसर मिलेगा।

वहीं ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और युवा वेंकटेश अय्यर छठे नंबर पर पदार्पण कर सकते हैं। स्पिन गेंदबाजी की कमान युजवेंद्र चहल और आर अश्विन पर रहेगी। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार के पास रहेगी। तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर दीपक चाहर, शारदुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा में से एक को अवसर मिल सकता है। चोटिल हुए मोहम्मद सिराज भी फिट हो गये हैं पर अभी उन्हें शायद ही अवसर मिले। पिछले दौरे पर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को वनडे श्रृंखला में 5-1 से हराया था और वह इस बार भी यह सिलसिला बनाये रखना चाहेगी पर इस बार हालात अलग हैं। मेजबान टीम दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज जीतने के बाद से ही उत्साहित है। टीम के कप्तानतेम्बा बावुमा इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करन चाहेंगे। टीम के पास अनुभवी क्विंटोन डिकॉक जैसे बल्लेबाज हैं। वहीं तेज गेंदबाज मार्को जेनसन से भी भारतीय टीम को सतर्क रहना होगा। जेनसन ने टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। मेजबान टीम को बेहतर घरेलू हालातों का भी लाभ मिलेगा।

दोनो टीमें इस प्रकार हैं।

टीमें :

भारत : केएल राहुल (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, शिखर धवन, रूतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, ऋषभ पंत, ईशान किशन, युजवेंद्र चहल, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, शारदुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, नवदीप सैनी।

दक्षिण अफ्रीका : तेम्बा बावुमा (कप्तान), केशव महाराज, क्विंटोन डिकॉक, जुबैर हमजा, मार्को जेनसन, जान्नेमन मलान, सिसांडा मगाला, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एंगिडि, वेन परनेल, एंडिले फेलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, काइल वेरेन्ने।

गांगुली और जय शाह बने रहेंगे या विदा होंगे ?

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह की अध्यक्ष और सचिव पद से जल्द ही छुट्टी हो सकती है। सचिव जय शाह का कार्यकाल भी इस साल अक्टूबर में समाप्त होगा। जल्द ही दोनों के भविष्य पर फैसला होगा। गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 में निर्विरोध बीसीसीआई के अध्यक्ष और सचिव निर्वाचित हुए थे। इन दोनों का कार्यकाल 2018 जुलाई और अगस्त में ही खत्म हो गया था। इससे पहले ही दोनों ने इसे बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अपील भी की थी। अब देखना होगा कि क्या दोनों की जगह बीसीसीआई को कोई नया अध्यक्ष और सचिव मिलेगा या फिर ये दोनो ही अपने पद पर बने रहेंगे।

इन दोनो के कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि आईपीएल और भारतीय टीम के क्रिकेट कार्यक्रम का सफल आयोजन रहा है। इसके अलावा मुख्य कोच के तौर पर राहुल द्रविड़ और नेशनल क्रिकेट एकडेमी (एनसीए) अध्यक्ष के लिए पूर्व बल्लेबाज वी वी एस लक्ष्मण को जोड़ने में भी ये सफल रहे। द्रविड़ और लक्ष्मण के आने से भारतीय क्रिकेट को लाभ होना तय है। इन दोनो के अनुभवों का लाभ भारतीय क्रिकेट बोर्ड को मिलेगा। बीसीसीआई के नए संविधान के अनुसार, राज्य संघ या बोर्ड में छह साल के कार्यकाल के बाद तीन साल के कूलिंग ऑफ पीरियड पर जाना जरुरी है। गांगुली और शाह ने 2019 अक्टूबर में पदभार संभाला था और तब उनके राज्य और राष्ट्रीय इकाई में छह साल के कार्यकाल में केवल 9 महीने बचे थे।

किसी दल से नहीं गली चंद्रशेखर की दाल! अकेले लड़ेंगे विस चुनाव

-उनकी पार्टी ने सपा, कांग्रेस और बसपा से गठबंधन की कोशिश की थी

लखनऊ(ईएमएस)। यूपी समेत पांच राज्यों में होने वाले विस चुनाव को लेकर राजनीतिक दल समीकरण बनाने में जुटे हैं। इसी बीच दलितों की बात करने वाले भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर ने साफ कर दिया कि उनका दल अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगा। दरअसल, समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की बात समाप्त हो जाने के बाद चंद्रशेखर ने यह फैसला किया है। खबर है कि चंद्रशेखर की कांग्रेस के साथ भी बात नहीं बनी है।

भीम आर्मी चीफ ने अखिलेश यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनको 25 सीटों का वादा किया गया था। इसके अलावा उन्हें विधायक और मंत्री पद का भी ऑफर मिला लेकिन उन्होंने इसे नकार दिया। उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी अब उन्हें 100 सीटें भी देती है तो वो उनके साथ नहीं जाएंगे। चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी ने न सिर्फ समाजवादी पार्टी से बल्कि कांग्रेस और बसपा के साथ भी गठबंधन करने की कोशिश की थी लेकिन उन्हें सभी जगह से झटका लगा है। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने एक चैनल के साथ बातचीत में कहा था कि मैं चंद्रशेखर को कहीं नहीं जाने दूंगा। चाहे फिर मुझे अपने कोटे से ही उन्हें टिकट क्यों न देनी पड़े। माना जा रहा था कि अखिलेश यादव और चंद्रशेखर आजाद के बीच गठबंधन लगभग तय हो गया है और अखिलेश यादव ने उन्हें सहारनपुर समेत दो सीट देने वाले हैं। लेकिन फिर चंद्रशेखर आजाद का बयान सामने आया। जिसमें उन्होंने कहा था कि अंत में मुझे लगा कि अखिलेश यादव को दलितों की जरूरत नहीं है। वह इस गठबंधन में दलितों का प्रतिनिधित्व नहीं चाहते हैं। वहीं अखिलेश यादव ने कहा था कि मैं उन्हे भाई मानता हूं, जो बड़े उम्र वाले हैं उनको चाचा मानता हूं तो और क्या कहें हम। उन्होंने कहा था कि जहां तक चंद्रशेखर का सवाल है तो मैंने सीटें दी थीं और अगर वे भाई बनकर भी मदद करना चाहते हैं तो करें। अखिलेश यादव ने कहा था कि चंद्रशेखर ने पहले दो सीटें स्वीकार कर ली थी लेकिन बाद में कहा कि हमारे संगठन में इस पर सहमति नहीं बन पा रही है, इसमें सपा का क्या दोष है।

कोरोना से वैश्विक स्तर पर आर्थिक सुधार बेहद धीमा हुआ

दावोस (ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि कोरोना से वैश्विक स्तर पर आर्थिक सुधार बेहद धीमा और असमान है। उन्होंने कहा कि वैश्विक वित्तीय प्रणाली कम आय वाले देशों में इस समय में विफल हो गई है, जब उन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। गुतारेस ने कहा कि उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में उलझने के बजाय वैश्विक समुदाय की बेहतरी के लिए विकासशील देशों की सहायता करने की आवश्यकता है। उन्होंने भारत द्वारा समर्थन के कई द्विपक्षीय रूपों की स्वीकृति की सराहना की और उम्मीद जतायी कि विकसित देश भारत को सौर ऊर्जा सहित अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद प्रदान करेंगे।

इस दौरान, संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कोविड-रोधी टीके की असमानता को दूर करने को लेकर वैश्विक नेताओं का आह्वान करते हुए ने कहा कि कोरोना का मुकाबला तभी संभव है, जब दुनियाभर में प्रत्येक व्यक्ति तक टीके की पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने चेताया कि ऐसा नहीं होने की सूरत में वायरस के नए स्वरूप सामने आते रहने वाले हैं, जिससे सामान्य जीवन के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियां भी उबर नहीं पाएंगी।

यूएई हमले में मृतक दोनों भारतीयों के परिजनों की करेंगे मदद: संजय

-यमन के हुती विद्रोहियों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है

दुबई(ईएमएस)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने कहा कि अबू धाबी हवाई अड्डे के पास संदिग्ध हूती ड्रोन हमले में मारे गए दो भारतीयों के परिवार को भारत हर संभव सहायता मुहैया कराएगा। यमन के हुती विद्रोहियों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है, जिसमें दो भारतीय, एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई जबकि छह लोग घायल हो गए थे। विस्फोट छोटी-छोटी उड़ने वाली वस्तुओं के अबू धाबी में तीन पेट्रोलियम टैंकर पर गिरने से हुआ।

संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने द नेशनल समाचारपत्र से बात करते हुए कहा कि भारत सरकार दो मृत भारतीय नागरिकों के परिवारों को जो भी सहायता संभव होगी मुहैया कराएगा। भारतीय दूतावास ने हमले में मारे गए भारतीयों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की है। इस बीच, हमले के एक दिन बाद विभन्न क्षेत्रों के लोगों ने इसकी निंदा की और पीड़ितों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अबू धाबी के क्राउन प्रिंस और यूएई सशस्त्र बलों के उप सर्वोच्च कमांडर शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की। सऊदी क्राउन प्रिंस ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने भी हमले की ''कड़े शब्दों में'' निंदा की। यूएई के विदेश मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय के एक बयान में कहा, '' यूएई के पास इन आतंकवादी हमलों और आपराधिक कृत्यों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार है।'' विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद ने कहा कि 'अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी' (एडीएनओसी) ईंधन सुविधाओं और हवाई अड्डे पर हुए ड्रोन हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यूएई, 2015 से यमन के हुती विद्रोहियों के खिलाफ सऊदी के नेतृत्व वाले सैन्य अभियान का हिस्सा है। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद को जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला ने भी फोन किया और यूएई में सुविधाओं और नागरिक क्षेत्रों पर हुती विद्रोहियों के हमले की निंदा की। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने भी शेख मोहम्मद बिन जायद को फोन किया और हमले की निंदा की।

तालिबान द्वारा महिलाओं और लड़कियों को सार्वजनिक जीवन से हटाने की कोशिश

जिनेवा (ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार विशेषज्ञों ने अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा महिलाओं और लड़कियों को सार्वजनिक जीवन से हटाने की कोशिश पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नस्ली और धार्मिक अल्पसंख्यकों जैसे हजारा, ताजिक, हिंदू और अन्य समुदायों की महिलाएं युद्ध ग्रस्त देश में असुरक्षित हैं। संयुक्त राष्ट्र के 35 से अधिक स्वतंत्र मानवाधिकार विशेषज्ञों ने कहा, हम पूरे देश (अफगानिस्तान) के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं को बाहर करने की हो रही लगातार और व्यवस्थागत कोशिश को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि यह चिंता तब और बढ़ जाती है अगर मामला नस्ली, धार्मिक और भाषा अल्पसंख्यकों का हो जैसे हजारा, ताजिक, हिंदू और अन्य समुदाय जिनके अलग विचार और दृश्यता उन्हें अफगानिस्तान में कहीं अधिक असुरक्षित बनाते हैं।''

विशेषज्ञों ने कहा, आज हम देख रहे हैं, कि तेजी से महिलाओं और लड़कियों को संस्थानों और प्रक्रिया सहित अफगानिस्तान के सार्वजनिक जीवन से मिटाने की कोशिश की जा रही है और उनकी सहायता और रक्षा करने के लिए पूर्व में गठित प्रणाली और संस्थानों को भी अधिक खतरा है।'' उन्होंने अपनी इस राय के लिए महिला मामलों के मंत्रालय को बंद करने और अफगान स्वतंत्र मानवाधिकार आयोग में महिलाओं की आमने-सामने की उपस्थिति पर रोक का हवाला दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि गैर न्यायेतर हत्याओं और नस्ली व धार्मिक अल्पसंख्यकों के जबरन विस्थापन को लेकर आ रही खबरें बहुत ही परेशान करने वाली हैं।

इमरान के मंत्री समेत 150 जनप्रतिनिधियों की सदस्यता रद्द

-पाक निर्वाचन आयोग को नहीं दिया था संपत्ति और देनदारियों का ब्योरा

इस्लामाबाद(ईएमएस)। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने संपत्ति और देनदारियों का विवरण न देने पर सूचना मंत्री फवाद चौधरी और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह सहित करीब 150 संघीय और प्रांतीय जनप्रतिनिधियों की सदस्यता अस्थायी रूप से निलंबित कर दी है। गौरतलब है कि पिछले साल, आयोग ने कम से कम 154 जनप्रतिनिधियों की सदस्यता निलंबित कर दी थी, लेकिन बाद में उन सभी ने संबंधित विवरण जमा कर दिया और फिर उनकी सदस्यता बहाल कर दी गई थी।

पाकिस्तान की चुनाव इकाई का यह कदम तब आया जब निर्वाचित प्रतिनिधियों ने प्रत्येक वर्ष के अंत तक संपत्ति और देनदारियों को अनिवार्य रूप से दाखिल करने के नियम का उल्लंघन किया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि जिन प्रतिनिधियों की सदस्यता निलंबित की गई है, वे संसदीय कार्यवाही में भाग नहीं ले सकते हैं और उनकी सदस्यता तब तक निलंबित रहेगी जब तक कि वे अपना संबंधित विवरण जमा नहीं कर देते। इससे पहले खबर आई थी कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने देश के निर्वाचन आयोग को विदेशी नागरिकों एवं कंपनियों से मिली निधि की पूरी जानकारी नहीं दी और अपने खातों संबंधी जानकारी भी छुपाई। मीडिया की खबर में निर्वाचन आयोग द्वारा संकलित एक रिपोर्ट के हवाले से यह दावा किया गया था। 'डॉन' समाचार पत्र ने 'स्क्रूटनी कमेटी ऑफ द इलेक्शन कमीशन ऑफ पाकिस्तान' (ईसीपी) द्वारा संकलित रिपोर्ट के हवाले से बताया कि सत्तारूढ़ दल ने वित्त वर्ष 2009-10 और वित्त वर्ष 2012-13 के बीच चार साल की अवधि में 31 करोड़ 20 लाख पाकिस्तानी रुपए के चंदे संबंधी जानकारी छुपाई।

समाचार पत्र के अनुसार, वार्षिक जानकारी से खुलासा हुआ कि केवल वित्त वर्ष 2012-13 में करीब 14 करोड़ 50 लाख डॉलर कम राशि बताई गई। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) द्वारा समिति को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के पास 26 बैंक खाते थे। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2008 से 2013 के बीच पार्टी ने ईसीपी को 1.33 अरब पाकिस्तानी रुपए की धनराशि की जानकारी दी थी, जबकि पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक एसबीपी की एक रिपोर्ट में वास्तविक राशि 1.64 अरब पाकिस्तानी रुपए थी।

नवाचारों को मान्यता की प्रतियोगिता के विजेताओं में राउरकेला भी

- प्रतियोगिता में 99 देशों के करीब 631 शहरों ने हिस्सा लिया

न्यूयॉर्क(ईएमएस)। औद्योगिक शहर राउरकेला विश्वव्यापी नवोन्मेष प्रतियोगिता के 13 देशों के 15 विजेताओं में से एक है। इस प्रतियोगिता में वैश्विक कोरोना महामारी से उबरने के लिए सबसे साहसिक एवं सबसे महत्वाकांक्षी शहरी नवाचारों को डिजाइन करने के लिए शहरों को मान्यता दी गई। ब्लूमबर्ग फिलेनथ्रोपीज' द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, 2021-22 के ग्लोबल मेयर्स चैलेंज के 15 विजयी शहरों की मंगलवार को घोषणा की। ग्लोबल मेयर्स चैलेंज वैश्विक नवाचार प्रतियोगिता का पांचवां संस्करण जो शहरों के सबसे आशाजनक विचारों का समर्थन और प्रसार करता है। प्रतियोगिता में 99 देशों के करीब 631 शहरों ने हिस्सा लिया।

विज्ञप्ति में कहा गया कि ओडिशा में राउरकेला ने महिला खाद्य विक्रेताओं को सशक्त बनाने, भोजन की बर्बादी को कम करने और ताजा खाद्य पदार्थों तक पहुंच बढ़ाने के लिए महिला सहकारी समितियों को कोल्ड-स्टोरेज इकाइयां उपलब्ध करने के लिए सम्मान हासिल किया। प्रत्येक विजेता शहर को 10 लाख डॉलर और कई वर्षों तक तकनीकी समर्थन दिया जाएगा। अन्य विजेता अम्मान (जॉर्डन); बोगोटा (कोलंबिया); बुटुआन, (फिलीपीन); ीटाउन (सिएरा लियोन); हर्मोसिलो (मेक्सिको); इसतांबुल, (तुर्की); किगाली (रवांडा); कुमासी (घाना); पैटर्सन (अमेरिका); फीनिक्स (अमेरिका); रोचेस्टर (अमेरिका); रॉटरडैम (नीदरलैंड); विल्नियस, (लिथुआनिया); और वेलिंगटन (न्यूजीलैंड) हैं। ब्लूमबर्ग फिलेनथ्रोपीज के संस्थापक और ब्लूमबर्ग एलपी और न्यूयॉर्क सिटी के 108वें मेयर माइकल आर ब्लूमबर्ग ने कहा, जैसा कि दुनिया चल रही महामारी के गहन सार्वजनिक स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभावों से निपटने के लिए काम करती है, शहर नवीन विचारों को उस गति से लागू कर सकते हैं जो राष्ट्रीय सरकारें आसानी से मेल नहीं खा सकती हैं। 15 विजयी शहरों ने सामूहिक रूप से तीन करोड़ निवासियों से अधिक का प्रतिनिधित्व किया। विजेता अब 10 लाख डॉलर के अनुदान और मजबूत तकनीकी सहायता के साथ तीन साल की कार्यान्वयन अवधि में प्रवेश करेंगे।

गोलीबारी में पाक पुलिसकर्मी, दो बंदूकधारी ढेर

-हमले में दो पुलिसकर्मी घायल, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया

इस्लामाबाद(ईएमएस)। इस्लामाबाद में दो बंदूकधारियों ने सड़क किनारे चौकी में तैनात पुलिस अधिकारियों पर गोलियां चलाईं जिसमें एक अधिकारी की मौत हो गई और मुठभेड़ में दोनों हमलावर भी मारे गए। पुलिस ने एक बयान में कहा कि एक बाजार के पास हुए हमले में दो पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। देश के गृह मंत्री शेख राशिद अहमद ने हमले की निंदा की और जांच के आदेश दिए।

बताया गया कि हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है और पुलिस अभी जांच कर रही है। हालांकि उग्रवादी अक्सर पाकिस्तान में सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हैं, लेकिन इस्लामाबाद में इस तरह के हमले दुर्लभ हैं।

सूडानी राजनीतिक प्रक्रिया सकरात्मक रुख से निर्देशित करने की जरूरत : भारत

जिनेवा (ईएमएस)। भारत ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा आगे बढ़ाई जा रही अंत: सूडानी राजनीतिक प्रक्रिया सूडानियों के नेतृत्व में और सकारात्मक रुख से निर्देशित होनी चाहिए। इस प्रक्रिया का उद्देश्य सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया को पटरी पर रखना है। अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी)द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को सूडान की स्थिति से अवगत कराने के दौरान संयुक्त राष्ट्र स्थित भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर प्रतीक माथुर ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक का इस्तीफा दिखाता है कि हस्तांतरण प्रक्रिया में चुनौती विरासत में मिली है। उन्होंने कहा,''संयुक्त राष्ट्र द्वारा बढ़ाए जा रहे अंत: सूडानी राजनीतिक प्रक्रिया सूडानियों के नेतृत्व में और सकारात्मक रुख से निर्देशित करने की जरूरत है जिसका उद्देश्य स्थिति को संभालना और हस्तांतरण की प्रक्रिया पटरी पर रखना है।''

माथुर ने कहा कि अगस्त 2019 में हस्ताक्षर किए गए संवैधानिक घोषणा पत्र को इस प्रक्रिया से आगे बढ़ाया जाना चाहिए और सभी हितधारकों को लचीलापन, आपसी विश्वास और समझ दिखाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''यह सेना और गैर असैन्य नेतृत्व के लिए अहम है कि वह हस्तांतरण प्रक्रिया पर आगे बढ़ने के लिए सहमति वाले समाधान तक पहुंचे। हस्तांतरण प्रक्रिया न्याय और जवाबदेही जैसे मुद्दों से निपटने के लिए जारी रहनी चाहिए।'' भारत ने जोर देकर कहा, ''हम सूडान के मौजूदा हस्तांतरण चरण के सफलतापूर्वक संपन्न होने की आशा करते हैं, हमें भरोसा है कि सूडान इन मौजूदा चुनौतियों से निकल जाएगा और शांति और विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।''

भारत का समर्थन करने के लिए एक मजबूत परियोजना हो

जिनेवा (ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि वह भारत को 450 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता हासिल करने में मजबूत समर्थन सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन और कई अन्य देशों के साथ निकट संपर्क में हैं। गुतारेस ने कहा कि भारत को एक गठबंधन पसंद नहीं है, लेकिन भारत ने समर्थन के कई द्विपक्षीय रूपों को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि कोयले के इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए और कोई भी नया कोयला संयंत्र नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा,अमेरिका और चीन के बीच एक समझौता हुआ है तथा मुझे उम्मीद है कि इससे चीन को अधिक पर्याप्त प्रौद्योगिकियां मिल सकेंगी ताकि वह अधिक तेजी से कोयले के इस्तेमाल को समाप्त कर सके।गुतारेस ने कहा, भारत गठबंधन पसंद नहीं करता है लेकिन उसने समर्थन के कई द्विपक्षीय रूपों को स्वीकार किया है।मैं यह सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन और कई अन्य देशों के साथ निकट संपर्क में रहा हूं कि भारत का समर्थन करने के लिए एक मजबूत परियोजना हो, मुख्य तौर पर उसके 450 गीगावाट सौर ऊर्जा के लिए निवेश में है।

ऑस्ट्रेलिया में कोरोना से रिकॉर्ड मौत दर्ज, अस्पतालों में आपात स्थिति की घोषणा

मेलबर्न (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया में कोरोना से रिकॉर्ड मौत दर्ज की गई और इसके दूसरे सबसे बड़े राज्य ने अस्पतालों में आपात स्थिति की घोषणा की गई हैं। जो कोरोना के चलते भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ने और स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। तीन सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 74 मरीजों की मौत हुई। न्यू साउथ वेल्स में 36, विक्टोरिया में 22 और क्वींसलैंड में 16 मरीजों की मौत हुईइससे पहले एक दिन में कोरोना के कारण सर्वाधिक 59 लोगों की मौत चार सितंबर, 2020 को हुई थी। संघीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इसतरह के संकेत मिल रहे हैं कि न्यू साउथ वेल्स में संक्रमण की दर चरम पर पहुंच रही है और विक्टोरिया में स्थिर होने वाली है।

न्यू साउथ वेल्स की सरकार ने बेहद संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप से निपटने के लिए लॉकडाउन लगाने की संभावना से इनकार किया है। अक्टूबर में, सिडनी ने 108 दिनों का लॉकडाउन हटाया था क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य में ज्यादातर लोगों का टीकाकरण हो चुका था। विक्टोरिया ने राज्य की राजधानी मेलबर्न के अस्पतालों और कई क्षेत्रीय अस्पतालों में स्टाफ की कमी और मरीजों के भर्ती होने में वृद्धि के कारण बुधवार दोपहर से आपातकाल घोषित कर दिया। लगभग 5,000 कर्मचारी अनुपस्थित हैं क्योंकि वे या तो संक्रमित हैं या करीबी संपर्क में हैं। यह पहली बार है जब राज्य के कई अस्पतालों में आपात स्थिति लगा दी गई है। करीब 2.6 करोड़ की आबादी वाले ऑस्ट्रेलिया में 2,700 लोगों की कोविड-19 के कारण मौत हो चुकी है।

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ ही रियल्टी, वाहन एवं धातु कंपनियों के शेयरों के नीचे आने से बाजार गिरा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 554.05 अंक करीब 0.90 फीसदी की बड़ी गिरावट के साथ 60,754.86 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 195.05 अंक तकरीबन 1.07 अंक की गिरावट के साथ ही 18,113.05 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा चार फीसदी नीचे आये। वहीं टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और एलएंडटी के शेयरों को भी नुकसान हुआ है। वहीं दूरसंचार, वाहन, रियल्टी एवं धातु सूचकांकों में 2.76 फीसदी तक की गिरावट आई। दूसरी ओर एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, डॉ रेड्डीज, टाइटन और नेस्ले इंडिया के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये हैं।

शेयर बाजार के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गत दिवस 855.47 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वहीं सुबह

बाजार तेजी के साथ खुला। आईटीसी, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व जैसे बड़े शेयरों में तेजी से बाजार ऊपर आया। वहीं इसी प्रकार निफ्टी 35.50 अंक तकरीबन 0.19 फीसदी की तेजी के साथ ही 18,343.60 पर आ गया।

सेंसेक्स में सबसे अधिक 1.49 फीसदी की बढ़त सन फार्मा के शेयरों में आई। इसके अलावा आईटीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड और एक्सिस बैंक के शेयर भी ऊपर आये हैं। वहीं दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी के शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए।

पृथ्वी से बहुत ही करीब से गुजरेगा विशालकाय ऐस्टरॉइड

वॉशिंगटन (ईएमएस)। विशालकाय ऐस्टरॉइड पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। लेकिन डरने की जरुरत नहीं है, क्योंकि यह किसी साइंस फिक्शन मूवी की तरह धरती से नहीं टकराएगा। दरअसल पृथ्वी से लगभग 1.2 मिलियन मील यानी करीब 20 लाख किमी की दूरी पर से गुजरेगा। यह पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी से पांच गुना ज्यादा है। मंगलवार को इसके गुजरने की उम्मीद है।एस्टरॉइड 7482 (1994 पीसी1) का आकार लगभग एम्पायर स्टेट बिल्डिंग के सामान है।

यह करीब आधा मिलियन चौड़ा हैं, नासा के वैज्ञानिक इस ट्रैक कर रहे हैं। इस 1994 में खगोलशास्त्री ने इस खोजा था। यह ऐस्टरॉइड हाल के हफ्तों में पृथ्वी के पास से गुजरने वाले कई बड़े एस्टरॉइड्स में से एक है। नासा ने ट्विटर पर पोस्ट किया था, नियर-अर्थ एस्टरॉइड 1994 पीसी1 बहुत प्रसिद्ध है, और दशकों से हमारे ग्रह रक्षा विशेषज्ञ इसका अध्ययन कर रहे हैं। आश्वस्त रहें कि 1994 पीसी1 सुरक्षित रूप से हमारे ग्रह के ऊपर से उड़ान भरेगा।' यूनिस्टेलर के मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी और वरिष्ठ ग्रह खगोलविद फ्रेंक मार्चिस ने बताया कि अगर यह ऐस्टरॉइड पृथ्वी से टकराता है,तब यह 'बड़े स्तर पर तबाही' मचा सकता है क्योंकि इसमें किसी परमाणु विस्फोट की तुलना में अधिक ऊर्जा है। हालांकि 1994 पीसी1 सिर्फ सुनने में खतरनाक लगता है लेकिन इससे चिंता करने की कोई बात नहीं है।इस देखने के लिए किसी के पास 6 इंच या उससे अधिक व्यास वाले टेलिस्कोप की जरूरत होगी।

अंतरिक्ष में लाखों की संख्या में ऐस्टरॉइड घूम रहे हैं। इनमें से कई हर दिन पृथ्वी के करीब से गुजरते हैं।हालांकि, काफी कम एस्टरॉइड ही हैं, जो पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं।अब नासा के वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि कुछ ऐस्टरॉइड्स हैं, जो बिना नजर में आए पृथ्वी तक पहुंच सकते हैं।इसतरह के ऐस्टरॉइड्स से पृथ्वी को खतरा भी हो सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि जिस तरह से पृथ्वी घूमती है और सूर्य की परिक्रमा करती है, उससे रात में हमारी ओर आने वाली वस्तुएं कम्प्यूटरीकृत दूरबीनों के एक नेटवर्क से बचकर निकल सकती हैं। ऐसा ही एक 100 मीटर लंबा ऐस्टरॉइड चुपके से साल 2019 में पृथ्वी से करीब 43,000 मील की दूरी से गुजरा था। इस ऐस्टरॉइड के पृथ्वी के पास से गुजरने के मात्र 24 घंटे पहले देखा गया था।

पृथ्वी प

24 घंटों में गुजरात में कोरोना के 17119 नए मरीज, केवल अहमदाबाद 6078 नए केस

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात में कोरोना के मामले रॉकेट गति से बढ़ रहे हैं अहमदाबाद शहर कोरोना का होट स्पॉट बन गया हैं जहां एक ही दिन में कोरोना के 5998 और जिले में 80 नए केस दर्ज हुए हैं अहमदाबाद समेत राज्यभर में कोरोना के कुल 7119 नए मरीज सामने आए हैं जबकि 10 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई 7883 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया हैं राज्य में कोरोना से स्वस्थ होने का दर 90.61 प्रतिशत हैं मंगलवार को राज्यभर में 3.17 लाख से अधिक लोगों का टीकाकरण किया गया हैं स्वास्थ्य विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के सबसे अधिक 5998 केस अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में दर्ज हुए हैं सूरत कॉर्पोरेशन में 3563, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 1539, राजकोट कॉर्पोरेशन में 1336, सूरत में 423, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 409, भावनगर कॉर्पोरेशन में 399, मोरबी में 318, वलसाड में 310, जामनगर कॉर्पोरेशन में 252, मेहसाणा में 240, नवसारी में 211, भरुच में 206, कच्छ में 175, बनासकांठा में 163, वडोदरा में 131, राजकोट में 125, पाटन में 119, जूनागढ़ कॉर्पोरेशन में 116, भावनगर में 102, जामनगर में 102, खेडा में 85, अहमदाबाद में 80, सुरेन्द्रनगर में 78, अमरेली में 76, गांधीनगर में 74, आणंद में 65, दाहोद में 62, साबरकांठा में 51, नर्मदा में 48, पंचमहल में 45, गिर सोमनाथ में 42, महीसागर में 39, देवभूमि द्वारका में 34, पोरबंदर में 30, तापी में 30, जूनागढ़ में 15, बोटाद में 12, अरवल्ली में 10, छोटाउदेपुर में 3 और डांग में 3 समेत राज्यभर में कोरोना के कुल 17119 पॉजिटिव केस दर्ज हुए हैं जबकि अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 3, सूरत में 3, सूरत कॉर्पोरेशन में 2, भावनगर कॉर्पोरेशन में 1 और वलसाड में 1 समेत राज्य में कोरोना से 10 लोगों की मौत हो गई राज्य में कोरोना का अब तक 10174 लोगों को निगल चुका हैं पिछले 24 घंटों में राज्य में 7883 लोगों को डिस्चार्ज करने के साथ ही राज्य में कोरोना से स्वस्थ होनेवालों की संख्या 866338 हो गई हैं राज्य में 79600 सक्रिय मरीजों में 79487 स्टेबल हैं और 113 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं दूसरी ओर मंगलवार को राज्य में 317089 लोगों का टीकारण किया गया जिसमें 9 हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर को पहला और 415 को कोविड का दूसरा डोज दिया गया 45 वर्ष से अधिक आयु के 8068 को पहला और 36606 लोगों को कोरोना का दूसरा टीका लगाया गया 18 से 45 वर्षीय आयु समूह के 43302 को कोविड की पहली और 104040 को दूसरी वैक्सीन दी गई 15 से 18 वर्षीय 57420 किशोरों को कोरोना का पहला टीका दिया गया जबकि 67229 नागरिकों को प्रिकॉशन डोज दिया गया राज्य में अब तक 9 करोड़ 53 लाख 79 हजार 500 नागरिकों को वैक्सीनेट किया जा चुका हैं

गुजरात में मंगलवार को कोरोना के 17,119 केस दर्ज किए गए, नया एकदिवसीय रिकार्ड बना

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात में मंगलवार को कोरोना के 17,119 केस दर्ज किए गए, जो नया एकदिवसीय रिकार्ड है। गुजरात में इससे पहले 30 अप्रैल 2021 को 14,605 कोरोना केस दर्ज किए गए थे, जो कोरोना की दूसरी लहर के चरम का दौर था।

गुजरात के स्वास्थ्य विभाग ने ये आंकड़े जारी किए हैं। राज्य में कोरोना के कुल केस बढ़कर 9.56 लाख तक पहुंच गए हैं। पिछले 24 घंटों में 10 मरीजों की मौत हुई है और कुल मृतकों की संख्या भी 10,174 तक पहुंच गई है। एक दिन पहले सोमवार को 12,753 नए मरीज मिले थे। गुजरात में कोरोना के कुल एक्टिव केस बढ़कर 79,600 तक पहुंच गए हैं। अहमदाबाद में सबसे ज्यादा 5998 कोरोना केस मिले हैं। जबकि सूरत में यह तादाद 3563 रही है। वडोदरा में 1539 नए मामले मिले हैं।

कोरोना मुआवजा के लिए कुल ९० हजार अर्जियां आई

अहमदाबाद, १८ जनवरी।

कोविड-१९ के लिए ५०,००० रुपये के मुआवजे की चुकाने की मांग करती अर्जियों की संख्या गुजरात की आधिकारिक कोविड मौत की संख्या १०,०९४ (जनवरी १६ तक) को नौ गुना पार कर गई है।

यह आंकड़ा राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया है। अपने कम्लिआंस रिपोर्ट में, राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पेशकश की थी कि, उनको १६ जनवरी तक में कोविड-१९ पीड़ितों के रिश्तेदारों की तरफ से मुआवजे की मांग करती ८९,६३३ अर्जियां मिली है। इसमें से सरकार ने पहले से ६८,३७० दावे को मंजूरी दी है। जबकि जांच के बाद ४२३४ अर्जियां खारिज कर दी है। हालांकि १७,००० से ज्यादा अर्जियां अभी जांच प्रक्रिया के तहत है। अन्य कई राज्य सरकारों के जैसे गुजरात सरकार भी अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित किए गए आदेश के जबाव में कोविड मौत मुआवजे की चुकाने की अपनी प्रक्रिया मामले में नियमित रूप से सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराते है। पहले राज्य सरकार ने स्क्रुटी की प्रक्रिया अपनाई थी। लेकिन राज्य सरकार के नोटिफिकेशन को वकील अमित पंचाल ने चुनौती दी थी। जिसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के फटकार लगाया था। जबकि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्पष्ट गाइडलाइन होने पर मुआवजे की चुकाने के लिए कड़े नियम बनाये गये थे और प्रक्रिया को ज्यादा दुविधापूर्ण बना दिया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया दिशानिर्देशों के अनुसार मुआवजे के दावे के लिए पॉजिटिव आरटी-पीसीआर का टेस्ट का रिपोर्ट और ३० दिन के अंदर मरीज की मौत यह दोनों मुख्य पात्रता की आवश्यकता होने का बताया गया।

21 व 22 जनवरी 2022 को आदरज मोती-गांधीनगर के बीच स्थित रेलवे क्रॉसिंग 07 बंद रहेगा

अहमदाबाद (ईएमएस) अहमदाबाद मण्डल पर आदरज मोती-गांधीनगर रेलखंड के बीच (आदरज मोती देव यार्ड) स्थित रेलवे क्रॉसिंग नं.07 किमी (8/3-4) मरम्मत कार्य के लिए 21 जनवरी 2022 को प्रातः 08:00 बजे से 22 जनवरी 2022 को 20:00 बजे (कुल दो दिन) तक बंद रहेगा। सड़क उपयोगकर्ता इस अवधि के दौरान कलोल-आदराज मोती के बीच स्थित रेलवे क्रोसिंग नं 06 किमी (06/14-15) का इस्तेमाल कर सकते है।

पाटीदारों संगठन एसपीजी में फूट, नाराज पदाधिकारियों ने नई समिति का गठन किया

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात में पाटरीदार समाज के संगठन सरदार पटेल ग्रुप (एसपीजी) में बगावत हो गई हैं एसपीजी के अध्यक्ष लालजी पटेल द्वारा पदाधिकारियों की नियुक्ति रद्द किए जाने से नाराज पदाधिकारियों ने विद्रोह का बिगुल फूंकते हुए एक नई समिति का गठन कर दिया हैं नतीजतन एसपीजी दो गुटों में बंट गया हैं दरअसल लालजी पटेल ने सभी जिला और जोन के अध्यक्षों के पद रद्द कर दिए थे, जिसे लेकर एसपीजी के पदाधिकारी नाराज थें लालजी पटेल के इस फैसले के खिलाफ नाराज पदाधिकारियों ने बगावत कर दी नाराज पदाधिकारियों ने सोमवार को कारोबारी की बैठक बुलाई और पदाधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी बैठक में अश्विन पटेल को गुजरात प्रदेश का अध्यक्ष, गौरांग पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष और महासचिव व प्रवक्ता के तौर पर पूर्विन पटेल की नियुक्ति का ऐलान किया गया हैं पूरे घटनाक्रम को लेकर एसपीजी प्रमुख लालजी पटेल का कहना है कि संगठन में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है और न ही नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई हैं लालजी पटेल ने कहा कि मेरी अनुपस्थिति में एसपीजी के लेटरहेड और लोगो का उपयोग कर बैठक बुलाई और अध्यक्ष बन गए हैं

जब विभूति और हप्पू बने अंग्रेज सिपाही!

इस 72वें गणतंत्र दिवस पर, एण्डटीवी का कल्ट षो 'भाबी जी घर पर हैं' एक मनोरंजक कहानी लेकर आ रहा है, जिसे देषभक्ति की थीम के इर्दगिर्द बुना गया है। इस कहानी में हमारी प्यारी अंगूरी भाबी (षुभांगी अत्रे) जब अपने दिवंगत दादाजी की एक पुरानी डायरी देखती हैं, तब स्वतंत्रता से पूर्व की स्थिति काफी मजबूती से उनके दिमाग पर छा जाती है। उनके दादाजी एक साहसी भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। अंगूरी अपने दादाजी के काम से इतनी प्रभावित हो जाती हैं कि उन्हें हर कहीं वही दिखाई देने लगते हैं और मॉडर्न कॉलोनी में काफी हलचल मच जाती है! इसके अलावा दर्षक आसिफ षेख (विभूति नारायण मिश्रा) और योगेष त्रिपाठी (हप्पू सिंह) को पहले कभी न देखे गये अंग्रेज अवतार में देखकर खूब हंसने वाले हैं। आसिफ, जनरल लारा बन जाएंगे और हप्पू एक अंग्रेज अफसर बनेंगे।

इस दिलचस्प कहानी के बारे में अंगूरी भाबी की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री षुभांगी अत्रे ने कहा, "अंगूरी को लगता है कि उसके दादाजी उससे मिलने आए हैं और उससे बात कर रहे हैं, जिससे वह बहुत भावुक हो जाती है, जबकि हप्पू (योगेष त्रिपाठी) विभूति (आसिफ षेख) को गिरफ्तार करने की कोषिष करता है, क्योंकि उसे लगता है कि विभूति ने उसे मारा है। विभूति इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए कहता है कि वह अंगूरी के साथ था।

नेक्स्टडिजिटल लिमिटेड (एनडीएल) ने की विस्तार संबंधी योजनाओं को लागू करने की तैयारी - इसके डिजिटल और मीडिया व्यवसायों को हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस द्वारा अधिग्रहीत किए जाने के निर्णय को निदेशक मंडल ने दी सैद्धांतिक मंजूरी

कंपनी के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ नेक्स्टडिजिटल लिमिटेड (एनडीएल) के निदेशक मंडल ने आज अपनी बैठक में कंपनी के डिजिटल और मीडिया व्यवसायों को हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस लिमिटेड (एचजीएसएल) द्वारा अधिग्रहित किए जाने के निर्णय को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी। यह मंजूरी सभी वैधानिक शर्तों या नियामक अनुमोदन और शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

नेक्स्टडिजिटल लिमिटेड (एनडीएल) लगातार इनोवेटिव सॉल्यूशंस और एडवांस्ड टैक्नोलॉजी के माध्यम से अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत कर रहा है। कंपनी ने उभरते हुए डिजिटल सॉल्यूशन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण विस्तार की योजना बनाई है। इस तरह कंपनी के लिए डिजिटल बैक-ऑफ़िस और प्रोसेस स्पेस में एचजीएस की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए मीडिया व्यवसाय के डिजिटल विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना संभव हो सकेगा। यह कदम एनडीएल की विजन और एक ऐसे महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म कंपनी होने के मिशन के अनुरूप है, जो कि सभी भौगोलिक क्षेत्रों में डिजिटल समाधानों के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नवीन टैक्नोलॉजी का सर्वोत्तम उपयोग करता है।

कच्छ में सिंचाई के लिए नर्मदा जल पहुँचाने से जुड़े 4369 करोड़ रुपए के कार्यों को मंज़ूरी

- जिले की 6 तहसीलों के 77 गाँवों के 2.81 लाख एकड़ भूमि क्षेत्र को सिंचाई के लिए मिलेगा नर्मदा का पानी

अहमदाबाद (ईएमएस) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य के सीमावर्ती जिले कच्छ के लिए नर्मदा के अतिरिक्त 1 मिलियन एकड़ फ़ीट जल के उपयोग के लिए फेज़-1 के 4369 करोड़ रुपए के कार्यों को मंज़ूरी दी है। नर्मदा नदी के बाढ़ में बह जाने वाले अतिरिक्त पानी का यह एक मिलियन एकड़ फ़ीट पानी कच्छ प्रदेश के लिए आवंटित किया गया है। इस अतिरिक्त जल को 337.98 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन द्वारा 4 लिंक के ज़रिये पहुँचाया जाएगा। राज्य के जल संसाधन विभाग की कच्छ के धरती पुत्रों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सिंचाई जल मुहैया कराने के उद्देश्य से पाइप लाइन के ज़रिये लगभग 38 लघु एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं में यह नर्मदा जल पहुँचाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने इस उद्देश्य से कच्छ शाखा नहर के वर्तमान कामकाज को ध्यान में रखते हुए फेज़-1 के अंतर्गत 4369 करोड़ रुपए के काय शुरू करने को प्रशासनिक मंज़ूरी दी है। ये कार्य शुरू होने के फलस्वरूप कच्छ की 6 तहसीलों मुंद्रा, अंजार, मांडवी, रापर, भुज एवं नखत्राणा के 77 गाँवों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इतना ही नहीं, इस नर्मदा जल से लगभग 2 लाख 81 हज़ार एकड़ क्षेत्र में सिंचाई हो सकेगी। नर्मदा का यह अतिरिक्त जल जिन चार लिंक के ज़रिये लगभग 38 लघु एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं में पहुँचाया जाना है, उनमें 72.46 किलोमीटर की सारण लिंक, 106.02 किलोमीटर की सदर्न लिंक, 107 किलोमीटर की नॉर्दन लिंक और 52.50 किलोमीटर की हाई कंटूर स्टोरेज लिंक शामिल हैं।

राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए एसआईटी का गठन करेंगे : राजस्व मंत्री

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात में नए मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के सत्ता की कमान संभालने के बाद से राजस्व मंत्री राजेन्द्र त्रिवेदी अपने विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए लगातार प्रयासरत हैं कई दफा सरकारी कचहरियों में औचक दौरा कर चुके राजेन्द्र त्रिवेदी ने राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए बड़ा ऐलान किया हैं उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार से निपटने के लिए एसआईटी का गठन किया जाएगा जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारी समेत रिटायर्ड जज और डीवायएसपी स्तर के अधिकारी शामिल किए जाएंगे यह समिति राजस्व मंत्री को सभी जानकारियां उपलब्ध कराएगी राजस्व मंत्री ने कहा कि वडोदरा एक्सप्रेस वे जमीन संपादन में हुई धांधली की जानकारी सामने आई हैं अलग अलग सर्वे में वित्तीय अनियमितता के 12 शिकायतें मिली हैं, जिसमें एए शेख नामक वकील भी आरोपी हैं राजस्व मंत्री ने कहा कि जो काम विपक्ष को करना चाहिए, वह आज हम कर रहे हैं राजस्व विभाग का कोई भी अधिकारी भ्रष्टाचार करे, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी

नाबार्ड के राज्य केंद्रित दस्तावेज 2022-23 का मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल ने किया विमोचन

अहमदाबाद (ईएमएस) मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को गांधीनगर में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के वर्ष 2022-23 के लिए गुजरात की अनुमानित वार्षिक ऋण श्रमता को दर्शाने वाले राज्य केंद्रित दस्तावेज (स्टेट फोकस पेपर) का विमोचन किया। नाबार्ड द्वारा राज्य के 33 जिलों के लिए मूल्यांकन किए गए अनुमानित वार्षिक ऋण क्षमता का यह दस्तावेज तैयार करने में राज्य सरकार के संबंधित विभागों, विभिन्न बैंकों और अन्य हितग्राहियों के साथ परामर्श किया गया था। राज्य केंद्रित दस्तावेज के विमोचन अवसर पर कृषि मंत्री राघवजी पटेल, वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, सहकारिता राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा और कृषि राज्य मंत्री मुकेश पटेल भी उपस्थित थे। नाबार्ड द्वारा प्राथमिक क्षेत्रों में वर्ष 2022-23 के लिए दर्शाई गई 2.48 लाख रुपए की राज्य की ऋण क्षमता में कृषि एवं संलग्न क्षेत्रों की 1.13 लाख करोड़ रुपए, सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की 1.09 लाख करोड़ रुपए और अन्य प्राथमिक क्षेत्रों की 26255 करोड़ रुपए की हिस्सेदारी है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य में प्राथमिक क्षेत्रों के ऋण विकास को आकार देने वाले इस दस्तावेज को सटीकता से तैयार करने के नाबार्ड के प्रयासों की सराहना की। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र मणि ने इस दस्तावेज के संबंध में कहा कि इसके आधार पर बैंकों की ओर से वार्षिक ऋण योजना तैयार की जाती है। इसके अलावा, इस दस्तावेज में क्षेत्रीय मुद्दों और विकास की संभावनाओं को साकार करने के सुझावों को भी प्रकाशित किया जाता है। राज्य केंद्रित दस्तावेज के विमोचन अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव पंकज जोशी, कृषि सचिव मनीष भारद्वाज, वित्त सचिव (खर्च) श्रीमती मनीषा चंद्रा, सहकारिता सचिव नलिन उपाध्याय, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक एसके पाणिग्रही, राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) के संयोजक बंसल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पेटीएम पेमेंट बैंक, सबसे बड़ा यूपीआई लाभार्थी बैंक, 926 मिलियन मासिक वित्तीय लेनदेन प्राप्त करने वाला भारत का पहला बैंक बन गया।

भारत में बढ़ता हुआ पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) एक महीने में 926 मिलियन यूपीआई लेनदेन हासिल करने वाला देश का पहला लाभार्थी बैंक बन गया है। इसने भारत में सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे बड़े लाभार्थी बैंक के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। लाभार्थी बैंक एक ऐसा बैंक है जो खाताधारक का बैंक होता है और धन प्राप्त करता है। यह पेटीएम पेमेंट बैंक से पैसा प्राप्त करने और दिन-प्रतिदिन के भुगतान और बचत में इसका उपयोग करने में ग्राहक की प्राथमिकता को इंगित करता है।

पीपीबीएल ने अक्टूबर-दिसंबर 2021 तिमाही में कुल 2,507.47 मिलियन लाभार्थी लेनदेन की सूचना दी, जबकि 2020 में इसी तिमाही में 964.95 मिलियन लेनदेन की तुलना में। पिछले साल की तुलना में इस साल लेन-देन में 159.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और (मई 2021 को छोड़कर) साल भर में सबसे बड़ा यूपीआई लाभार्थी बैंक बन रहा है और हर महीने बढ़ता जा रहा है।

पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री सतीश गुप्ता ने कहा, ठहमें उपयोगकर्ताओं से इस तरह की उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त करने में प्रसन्नता हो रही है। उपयोगकर्ताओं ने हमें यूपीआई भुगतान का सबसे पसंदीदा लाभार्थी बैंक बना दिया है। प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे के माध्यम से बेहतर डिजिटल बैंकिंग अनुभव प्रदान करता है। . हम इस अनुभव का लाभ उठाना जारी रखेंगे और पेटीएम वॉलेट और बैंक खाते के माध्यम से दिन-प्रतिदिन के भुगतान में लचीलापन प्रदान करके यूपीआई मनी ट्रांसफर की सुपरफास्ट प्रौद्योगिकी शक्ति और लचीलेपन का अनुभव करेंगे।

आप नेता ईशुदान गढ़वी ने पार्टी छोड़ने वाले क्रांतिवीरों के प्रति जताया आभार

अहमदाबाद (ईएमएस) गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) की प्रदेश इकाई को झटके पर झटके लगना शुरू हो गए हैं शनिवार को उत्तर गुजरात के विख्यात गायक विजय सुवाला ने अलविदा कर सोमवार को भाजपा जॉइन कर ली सोमवार को शाम ढलते ही सूरत के मशहूर हीरा कारोबारी और सामाजिक कार्यकर्ता महेश सवाणी ने आप से किनारा कर लिया आगामी दिनों में आप के कई कार्यकर्ताओं के पार्टी छोड़ने की संभावना हैं महेश सवाणी के भी भाजपा में जाने की चर्चा के बीच मंगलवार को आप नेता ईशुदान गढ़वी मीडिया के सामने आए और पार्टी छोड़ने वाले को क्रांतिवीर करार देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया हैं ईशुदान गढ़वी ने कहा कि आम आदमी पार्टी की शुरुआत से दिल्ली से हुई और आप को राजनीति छोड़ अन्य कुछ आता नहीं हैं आप की लड़ाई दूसरे स्वराज या दूसरी आजादी की हैं हमें राजनीति करना नहीं आता और न ही भविष्य में कभी आएगा, क्योंकि हम राजनीति के व्यक्ति नहीं हैं हम सत्ता का सुख लेने नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए राजनीति में आए हैं उन्होंने आप छोड़ने वाले दोनों क्रांतिवीरों के प्रति पार्टी के लिए समय देने के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही आरोप लगाया कि भाजपा साम, दाम, दंड और भेद की नीति कर रही हैं भाजपा और उसकी सरकार ने हमें जेल में बंद किया मुझे शराब के मामले में फंसाने की कोशिश की ईशुदान गढ़वी यहां तक बोल गए कि पांच-पांच लाख में शूटर मिलते हैं, मुझे मरवा दें मुझे भाजपा के कई नेताओं ने कहा कि आप हिम्मत मत हारना आम आदमी पार्टी की लड़ाई व्यवस्था परिवर्तन के लिए है और इसके लिए अनेक लोग पार्टी से जुड़े हैं आप नेता ने कहा कि भूतकाल में भी भाजपा ने हमारे पार्षदों को तोड़ने का प्रयास किया था परंतु भाजपा को सफलता नहीं मिली बड़े दुःख के साथ आज कहना पड़ रहा है कि हमारे दो साथियों ने पार्टी छोड़ने का फैसला किया, यह उनका निजी फैसला हो सकता है लेकिन दोनों क्रांतिवीरों ने पार्टी को जो समय, साथ दिया और तन, मन और धन से परिश्रम किया, उसके लिए उनका लाख लाख शुक्रिया ईशुदान गढ़वी ने कहा कि पेपर लीक कांड के खुलासे भाजपा डर गई है और वह अच्छी तरह जानती है कि आप इस मामले की तहत जाएगी जिसकी वजह से वह आप को तोड़ने का प्रयास कर रही हैं लेकिन एक बात पक्की है कि हम मरते दम तक लड़ेंगे गुनहगारों के खिलाफ लड़ना हमारा संकल्प है, भाजपा हमारे जितने नेता तोड़ेगी उतना ही भाजपा को नुकसान होगा डेमेज कंट्रोल को लेकर ईशुदान गढ़वी ने कहा कि हम पार्टी कार्यकर्ताओं से हिम्मत बनाए रखने और आम आदमी पार्टी बने रहने का अनुरोध करेंगे टाईगर अभी जिंदा हैं आम आदमी पार्टी क्रांतिवीरों की पार्टी है, जिसमें कई लोग आएंगे तो कई जाएंगे, परंतु हमारी लड़ाई लगातार जारी रहेगी जब आम आदमी पार्टी की सरकार होगी और भाजपा विरोध करने आएगी तो हम उसे चाय पिलाएंगे और उसकी पेशकश सुनेंगे भले ही भाजपा लोगों को प्रलोभन दे रही हो, परंतु एक बात जान लो कि जनवरी 2023 में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता ही शपथ ग्रहण करेंगे

आवारा पशुओं को पकड़ने वाली टीम का कर्मचारी रिश्वत लेते धरा गया

अहमदाबाद (ईएमएस) एन्टी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) अहमदाबाद शहर में आवारा पशुओं को पकड़ने वाली नगर निगम की टीम के एक कर्मचारी को पशुपालक से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया जानकारी के मुताबिक एक पशुपालक ने एसीबी से आवारा पशु पकड़नेवाली टीम के एक कर्मचारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिसके मुताबिक पशुपालक को पशु नहीं पकड़ने के एवज में सत्तार दाऊद सैयद नामक कर्मचारी हर महीने रु. 2300 का हप्ता मांगता था हप्ते की रकम नहीं देने पर पशुपालक के पशु बंद करने की धमकी देकर परेशान करता था सत्तार दाऊद सैयद की धमकियों से परेशान पशुपालक ने आखिरकार एसीबी में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी जिसके आधार पर एसीबी ने आज जाल बिछाया और सत्तार दाऊद सैयद को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वह पशुपालक से रिश्वत की रकम ले रहा था

शादी की लालच देकर विवाहित महिला से दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया

सूरत (ईएमएस) मुंबई के फोटो स्टुडियो में काम करनेवाली एक विवाहित महिला को शादी लालच देकर सूरत के युवक ने दुष्कर्म किया और बाद में शादी से भी इंकार कर दिया सब कुछ गंवाकर होश में आई विवाहिता ने आखिरकार युवक के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू की हैं मुंबई के पालघर क्षेत्र में रहनेवाली 22 वर्षीय विवाहित महिला तीन संतानों की माता है और मुंबई के फोटो स्टुडियो में आर्टिस्ट का काम करती हैं उसका पति भी आर्टिस्ट लाइन से जुड़ा हैं करीब ढाई साल पहले विवाहिता के घर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेशजी की स्थापना की गई थी विसर्जन के अवसर पर विवाहिता के पति का दूर रिश्तेदार 22 वर्षीय सुमित विजय मिश्रा उसके घर आया था सूरत के कोसंबा में रहनेवाला सुमित मिश्रा एम्ब्रोइडरी के कारखाने में काम करता हैं गणेश विसर्जन के दिन सुमित मिश्रा और विवाहिता के बीच परिचय हुआ और दोनों ने एक दूसरे के मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान किया जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई और एक-दूसरे को चाहने लगें पति को पत्नी के प्रेम प्रकरण के बारे में चला तो घर में लड़ाई झगड़ा होने लगा 6 सितंबर 2020 को विवाहिता पति का घर छोड़ सुमित मिश्रा के सूरत के कोसाड स्थित उसके आवास पर आ गई जहां 24 सितंबर 2020 तक विवाहिता सुमित मिश्रा के साथ रही इस दौरान शादी की लालच देकर सुमित ने विवाहिता के साथ अनेकों बार शारीरिक संबंध बनाए हांलाकि बाद में सुमित ने विवाहिता से शादी करने से इंकार कर दिया उस दौरान विवाहिता का पति के साथ समाधान हो गया और वह उसके घर लौट गई बीते दिन विवाहिता पुलिस थाने पहुंच गई और सुमित मिश्रा के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवा दी जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू की हैं

मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोन: 079-22921482 Mob.9375504122, 9327086467 R.N.I. 63177/95